www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-41 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए

नफरत पैदा कर अपनी राजनीति रोटी सेंकती ... 02

- दिल्ली में कल होगी राहुल गांधी की जनसभा
- एम्स वाहनों पर लगाएगा जीपीएस, होगी निगरानी

03

- स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री को लगीं चार गोलियां, ...
- पांच इंजरायली सैनिकों की मौत, सात घायल

07

देश में महंगाई चरम पर, महिलाएं हो रही परेशान... 10

## सार संक्षेप

### कविता की याचिका पर हाई कोर्ट का सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी कविता द्वारा दायर रिट याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है।

### ज्योतिरादित्य की माताजी माधवीराजे पंचतत्व में विलीन



**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी श्रीमती माधवीराजे सिंधिया की आज यहां हजारों लोगों की मौजूदगी में अंत्येष्टि की गयी। स्थानीय छत्री क्षेत्र में श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी माताजी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। परिजनों, सगे संबंधियों, राजनेताओं और हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रीमती माधवीराजे सिंधिया को अंतिम विदाई दी।

### एनआईए के पूर्व प्रमुख दिनकर को जेड प्लस सुरक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एनआईए के पूर्व प्रमुख दिनकर गुप्ता को जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला किया है। ये सुरक्षा सीआरपीएफ देगी और पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली में दिनकर गुप्ता के लिए जेड प्लस सुरक्षा लागू रहेगी। मार्च 2024 से यह लागू हो गई है। 1987 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता जून 2022 से लेकर 31 मार्च 2024 तक एनआईए प्रमुख के पद पर रहे।

### तस्करों से 27 लाख का डीजल जब्त किया



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली एक नौका को पकड़ कर करीब 27 लाख मूल्य का डीजल और कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए हैं। भारतीय तटरक्षक के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि नौका के जरिए डीजल की तस्करी की जा रही थी और उस पर सवार पांचों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है।

### सरकारी अस्पताल में चूहे ने कुतरे मरीज के पैर

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्थाएं लगातार सामने आती रहती हैं। छिंदवाड़ा के सरकारी अस्पताल में तो चूहों ने मरीजों की नाक में दम कर रखा है। एक मरीज के तो अंगूठे और पैर के हिस्से तक को चूहे कुतर गए हैं। बताया गया है कि अस्पताल में रात के समय चूहे मरीजों के बिस्तरों पर उछल-कूद करते हैं।

# चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित : अखिलेश

## सपा नेता बोले, कोरोना काल में जो वैक्सीन लगवाई, आज वो जान ले रही

- भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा दिया
- इनकी सरकार में 10 से ज्यादा परीक्षाएं रद्द हुई

इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे, वैसे ही नैनो यूरिया बनाने वाले भाग गए हैं: **अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**



**बांदा, 16 मई (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बांदा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चार चरणों के वोट पड़े हैं, उसमें भाजपा चारों खाने चित हो गई है। आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है, इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है? सपा प्रमुख ने आगे कहा कि पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने पेपर लीक कराए हैं, क्योंकि, नौजवानों को नौकरी देनी ना पड़ा जाए, यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा, पीडीए के परिवार के नौजवानों को उनका हक देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज नौजवानों के सामने कोई नौकरी का रास्ता नहीं बचा और जब कभी नौकरी की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया। इस सरकार में 10 से ज्यादा परीक्षाएं रद्द हुई। भाजपा ने वादा किया था किसानों की आय दोगुनी करेंगे, किसी किसान की आय बढ़ी? इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे, वैसे ही नैनो यूरिया बनाने वाले भाग गए हैं।

### भाजपा जीती तो योगी उप्र के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे : केजरीवाल

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी यदि लोकसभा चुनाव जीतती है तो न सिर्फ अनुसूचित जाति.जनजाति का आरक्षण खत्म किया जाएगा, बल्कि योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाएगा। श्री केजरीवाल ने गुरुवार को यहां समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा भाजपा यदि चुनाव जीतती है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दो महीने के भीतर यूपी के सीएम पद से हटा दिया जाएगा।

### महिलाओं के खाते में हर माह 8,500 रुपए खटाखट आएंगे : राहुल



**15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। श्री गांधी ने कहा अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा, आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा, आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा, आपका एक वोट।

प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी पर कटाक्ष

# 4 जून के बाद शहजादे खटाखट विदेश निकल जाएंगे



**प्रतापगढ़, 16 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ पहुंचे। यहां पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे से पूछो कि गरीबी कैसे हटती है, तो वो कहते हैं खटाखट...खटाखट.. कांग्रेस के शहजादे से पूछो कि ग्रोथ कैसे होती है, तो वो कहते हैं ठकाठक... ठकाठक... कांग्रेस के शहजादे से पूछो कि विकसित भारत बनाने का कोई प्लान है तो वो बोलते हैं टकाटक... टकाटक।'

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, 'इंडी' गठबंधन वाले देश से एनडीए की स्थिर सरकार हटाना चाहते हैं और इनके पास सरकार चलाने का फॉर्मूला है कि वे पांच साल में पांच दलों के पांच 'पीएम' (प्रधानमंत्री) बनाएंगे।' मोदी ने कहा, 'यानी हर साल एक नया 'पीएम' ये चाहते हैं कि भानुमती का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले।' मोदी ने सवाल उठाया, 'क्या आपको पांच साल में पांच 'पीएम' मंजूर है? क्या पांच 'पीएम' देश को चला सकते हैं? क ?या वे देश को बर्बाद नहीं करेंगे?'

उन्होंने दावा किया, 'इंडी' गठबंधन में वही लोग हैं जो सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं, इनका एजेंडा क्या है, ये कह रहे कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल कर देंगे। मोदी ने जो सीएए कानून बनाया है, उसको वे रद्द कर देंगे।' मोदी ने प्रतापगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, 'यहां एक तरफ अयोध्या है, एक तरफ काशी और एक तरफ प्रयागराज है, यानी प्रतापगढ़ के आशीर्वाद में सब तीर्थों के आशीर्वाद शामिल हैं।' उन्होंने कहा, 'प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप ही प्रताप है। यह वीरों और बलिदानियों की धरती है।'

सतर्क और सावधान हो जाइए : लालू

# भाजपा संविधान खत्म करने पर तुली



**राजद सुप्रीमो बोले, संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा**

**पटना, 16 मई (देशबन्धु)।** लोकसभा 2024 अब धीरे-धीरे अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है। देश भर में अबतक चार चरणों का मतदान हो चुका है। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होना है। ऐसे में इस चरण के चुनाव से पहले राजद सुप्रीमो लालू यादव ने वोटरों को मतदान करने का अपील किया है। इसके साथ ही लालू ने संविधान बदलने का आरोप भी भाजपा पर लगाया है। लालू यादव ने कहा है कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गई है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे।

**भाजपाई चाल चरित्र से समता विरोधी**

इसके आगे लालू ने लिखा है कि संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है। समानता का भाव है, उपचार है। भाजपाई चाल चरित्र से समता विरोधी हैं। ये लोग संविधान व आरक्षण खत्म कर समाज में गैर बराबरी बढ़ा लोगों को पुन: मानसिक गुलाम बनाना चाहते हैं।बार-बार भाजपा के नेता स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। नया संविधान बनाना चाहते हैं, आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं लेकिन आरक्षण और संविधान विरोधी बयानबाजी पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसी भी नेता और प्रत्याशी पर कभी भी कोई भी कार्रवाई नहीं की है। स्पष्ट दिखता है उन्हें जानबूझकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से हरी झंडी मिली हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के पर कतरे

# मनी लांड्रिंग मामले में नहीं होगी मनमानी गिरफ्तारी



**अदालत के संज्ञान लेने के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी**

**नई दिल्ली, 16 मई (देशबन्धु)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी की शिकायत पर विशेष कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद जांच एजेंसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि यदि ऐसे मामलों में आगे जांच के लिए आरोपी की हिरासत जरूरी है तो ईडी को इसके लिए विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। पीठ में उज्जल भुइयां भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा, 'आरोपी का पक्ष सुनने के बाद विशेष अदालत को संक्षेप में कारण बताते हुए आवेदन पर अनिवार्य रूप से फैसला सुनाना होगा। सुनवाई के बाद अदालत हिरासत की अनुमति तभी देगी जब वह इस बात से संतुष्ट हो कि हिरासत में रखकर पूछताछ जरूरी है।' सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शिकायत में जिस व्यक्ति को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया है उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19 की शर्तों को पूरा करना होगा।

इसके अलावा, जिस व्यक्ति को मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन वह मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जारी समन पर विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित होता है, उसकी जमानत के लिए कड़ी दोहरी शर्त की अनिवार्यता नहीं होगी। पीएमएलए की धारा 45 के तहत जमानत पाने के लिए दोहरी शर्त की अनिवार्यता है। इसमें पहली शर्त यह है कि अदालत इस बात को लेकर आश्वस्त हो कि आरोपी दोषी नहीं है। दूसरी शर्त यह है कि अदालत को यह भरोसा हो कि आरोपी जमानत पर कोई अपराध नहीं करेगा।

### केजरीवाल के भाषण पर ईडी ने जताई आपत्ति

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने में कोई अपवाद नहीं रखा है। कोर्ट ने ये भी कहा कि 'फैसले का आलोचनात्मक विश्लेषण स्वागत योग्य है।' जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत से संबंधित बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केजरीवाल के वकील के दावों और जवाबों पर विचार करने से इनकार कर दिया। ईडी ने चुनाव प्रचार में केजरीवाल के भाषण पर आपत्ति जताई थी।

# बाहुबली भाजपा सांसद को कहीं भारी न पड़ जाए योगी से रार

- ओम प्रकाश सिंह

- बहराइच में हुई यागी की सभा में मंच से गायब थे बाहुबली सांसद

**कैसरगंज/बहराइच, 16 मई (देशबन्धु)।** जून का महीना तो यूं ही गर्म रहता है, लेकिन 2023 का जून राजनीतिक रूप से भी अयोध्या में तप रहा था। महिला पहलवानों के आरोपों को झेल रहे कैसरगंज के बाहुबली भाजपा सांसद ने महाचेतना रैली अयोध्या में करने का ऐलान कर रखा था। अयोध्या के कुछ चर्चित साधु, संत, महंत भी पाक्सो कानून के विरोध को लेकर सक्रिय थे। रैली तो नहीं हुई, लेकिन 15 जून को भरतकुंड में हुई भाजपा की रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए कहा था कि 'अयोध्या की गरिमा' से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

राजनीतिक हलकों में तैर रही यह कहानी अंदरखाने सुलगती रही। उत्तर प्रदेश लोकसभा के चुनाव में टिकट वितरण में भले ही योगी की ना चली हो लेकिन माना जा रहा है कि कैसरगंज के लिए वर्तमान भाजपा सांसद के मसले पर योगी चेतावनी की मुद्रा में आ गए थे। सांसद का टिकट काट दिल्ली दरबार ने उनके लड़के को टिकट थमा दिया। भाजपा को जिताने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को मथ रखा है। बहराइच में भी सभा थी, लेकिन मंच से बाहुबली भाजपा सांसद गायब थे।

**योगी नहीं मोदी को मानते हैं अपना नेता**

इसके पहले एक इंटरव्यू में भी सांसद ने इशारों में योगी जी को अपना नेता मानने से इंकार कर दिया था, कहा कि मोदी हमारे नेता हैं। अब आते हैं कैसरगंज लोकसभा के चुनावी माहौल पर। योगी को चुनौती, परिवारवाद, पहलवानों का आरोप और अंहकार भरी बातें, यह सब भाजपा सांसद के खिलाफ माहौल बनाती हैं। कैसरगंज लोकसभा ब्राह्मण व मुसलमान बाहुल्य क्षेत्र है। इस बार भाजपा सांसद के लड़के के लिए यहां से विपक्ष की तगड़ी चुनौती है। एक तो मोदी मैजिक का गायब होना दूसरे योगी से रार भी राह को कठिन बना रही है। सपा कांग्रेस गठबंधन, मुस्लिम यादव वोटों की एकजुटता और कैंडिडेट का ब्राह्मणों पर प्रभाव इंडिया गठबंधन को बल देती हैं।

# स्वाति मालीवाल ने दी लिखित शिकायत



- पुलिस ने दर्ज किए बयान
- भाजपा को भी दी नसीहत

**नई दिल्ली, 16 मई (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आखिरकार गुरुवार को तीन दिन बाद सीएम आवास पर अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के द्वारा की गई बदसलूकी के मामले में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। दिल्ली पुलिस की एक टीम स्वाति के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। करीब चार घंटे उनके आवास पर रही पुलिस टीम में स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ शामिल थे। स्वाति ने एक्स पर इस बात की पुष्टि करते हुए लिखा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूं। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। बीजेपी वालों से खास गुजारिश है इस घटना पर राजनीति न करें।'

# एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया**

**जम्मू, 16 मई (देशबन्धु)।** भारतीय सेना ने गुरुवार को कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से इस तरफ घुसने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह के साथ मुठभेड़ की। दो को अंतिम समाचार भिजवाए जाने तक मार गिराया गया था। सूत्रों के अनुसार यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि टंगडार सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को तब नाकाम कर दिया गया, जब एल ओ सी अर्थात नियंत्रण रेखा की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों ने आतंकवादियों की हरकतों को भांप लिया और आज तड़के उन्हें चुनौती दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना इलाके में सर्च अभियान भी छेड़े हुए है क्यूंकि कुछेक आतंकियों के जंगलों में छुपे होने की सूचना है।

**रिपोर्ट** *कोवैक्सिन लेने वाले कुछ लोगों में देखे गए साइड इफेक्ट*

# कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सिन ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली, 16 मई (एजेंसियां)। पिछले दिनों ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका के एक खुलासे के बाद कोरोना वैक्सीन की काफी चर्चा हो रही है। एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि कोविशील्ड दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस का कारण बन सकता है। इससे खून के थक्के बन सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है।**

कई गंभीर मामलों में यह स्ट्रोक और हार्ट अटैक का कारण भी बन सकता है। इस खुलासे के बाद भारत में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। भारत में कोरोना के वक्त कोवैक्सिन और कोविशील्ड दो टीके प्रमुख तौर पर लगे। कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट को लेकर एक स्टडी सामने आई है। स्प्रिंगरलिंक पर प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला किशोरों और जिन लोगों को पहले कभी एलर्जी हुई है, उनमें कोवैक्सिन लेने के बाद एईएसआई होने का खतरा ज्यादा होता है।



- देश में दोनों टीके प्रमुख तौर पर लगाए गए

**श्वसन तंत्र में संक्रमण की सूचना मिली**

भारत बायोटेक की कोविड-19 वैक्सीन, कोवैक्सिन के साइड-इफेक्ट्स पर की गई एक स्टडी में एक तिहाई प्रतिभागियों में कुछ खास तरह की प्रतिक्रियाएं (एईएसआई) देखी गईं, जैसा कि स्प्रिंगरलिंक पर प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार शोधकर्ताओं ने पाया कि महिला किशोरों और जिन लोगों को पहले कभी एलर्जी हुई है, उनमें कोवैक्सिन लेने के बाद एईएसआई होने का खतरा ज्यादा होता है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में शंख शुभ्रा चक्रवर्ती और उनकी टीम द्वारा की गई स्टडी में बताया गया है कि स्टडी में शामिल एक साल के फॉलो-अप के दौरान ज्यादातर एईएसआई बनी रही।

स्टडी में बताया गया है कि 304 (47.9 फीसदी) किशोरों और 124 (42.6 फीसदी) वयस्कों में ऊपरी श्वसन तंत्र में संक्रमण की सूचना मिली। 4.6 फीसदी महिला प्रतिभागियों को मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं हुईं।

# देश

**उवाच** “ केंद्र में राजग की सरकार बनी तो राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू यादव की अवैध संपत्ति जब्त कर अनाथालय और दिव्यांग आश्रय बनाया जाएगा। तेजस्वी यादव बिहार के नौजवानों से नौकरी के नाम पर जमीन और धनराशि लेने का काम करते रहे हैं।

–नीरज कुमार, जदयू के मुख्य प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 28.0 |
| मुंबई | 33.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# नफरत पैदा कर अपनी राजनीति रोटी सेंकती है भाजपा : कांग्रेस

- प्रेम की जगह अलगाववाद की राजनीति करने का लगाया आरोप
- भाजपा पर दबाव की नीति अपनाने पर बोला हमला



मोदी ने एक दशक में इतना अधिक झूठ बोला है कि उसे गिन पाना मुश्किल : दिग्विजय सिंह

**प्रयागराज,** 16 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोगों के बीच नफरत पैदा कर अपनी राजनीति की रोटी सेंकती है। दिग्विजय सिंह गुरूवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के सिविल लाइंस आवास पर पार्टी नेताओं से मुलाकात करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भाजपा लोगों के बीच प्रेम की जगह अलगाववाद की राजनीति कर रही है।

भाजपा हमेशा से नफरत की राजनीति की है। लोगों को मुख्य मुद्दों से भटका रही है। भाजपा 'दबाव की नीति' अपना रही है। यह सरकार लोगों को अपनी आवाज उठाने नहीं देना चाहती। संविधान हमें अभिव्यक्ति का अधिकार देता है और सरकार उस अधिकार को दबा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठ बोलने वाला बताया। उन्होंने एक दशक में इतना अधिक झूठ बोला है कि उसे गिन पाना मुश्किल है।

**इस बार बदलाव तय है**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी के झूठ के खिलाफ जन आक्रोश पनप चुका है। बिहार और उत्तर प्रदेश में क्रांति की चिंगारी फूट चुकी है। जो लोग कल तक चुप बैठते थे, अब मुखर हो रहे हैं। इस बार बदलाव तय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम और चुव आयोग को लेकर कहा भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इतने जन आक्रोश के बाद भी अगर भाजपा जीतती है तो यह निश्चित रूप से ईवीएम मशीन में खेल करने से संभव है। इस दिशा में विपक्षी दलों के सवाल उठाने पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर ईवीए का सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) ट्रेजरी मे रखा गया है। सिंह यहां इलाहाबाद लोकस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर उज्ज्वल रमण सिंह, मुकुंद तिवारी, अरूण तिवारी, सुरेश यादव, हसीब अहमद आदि नेता उपस्थित थे।

## सिर्फ लड़ाने का काम करती है भाजपा : पवन खेड़ा

**रायबरेली।** कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने अमेठी के विकास में गांधी परिवार के योगदान का बखान करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी नकारात्मक राजनीति करती है। खेड़ा ने गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में कहा अमेठी से चुनकर गए राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में भोजन का अधिकार, सूचना का अधिकार, जमीन के अधिकार, शिक्षा का अधिकार देश की जनता को दिए। वह सूचना संचार क्रांति लाए, इसलिये समूची कांग्रेस अमेठी की माटी की ऋणी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ लड़ाने का काम करती है, और नकारात्मक राजनीति करती है, पिछले 10 साल में जो स्थिति इस देश के नौजवानों की हुई, इस देश के किसानों की हुई, वह सब सामने है। देश के छोटे उद्योग धंधे बंद हो गए, सेना का जवान चार साल में रिटायर किया जाएगा, जबकि प्रधानमंत्री 75 साल में भी मौका मांग रहे हैं। आखिर देश के नौजवानों का क्या दोष है क्या आप उन्हें 22 – 23 साल की उम्र में रिटायर कर रहे हैं, यह कहां का न्याय है। खेड़ा ने कहा कि यह ऐसे लोग हैं जो समाज में बांटने काम करते हैं बल्कि कांग्रेस के जो नेता स्वर्ग सिधार गये हैं, उनको भी विवाद में दिखाने बांटने की कोशिश करते हैं ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर करना हम लोगों का परम कर्तव्य है।



## जैश के शीर्ष आतंकवादी की सात अचल संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर,** 16 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को एनआईए की विशेष अदालत के आदेश की विभिन्न धाराओं के तहत बुधवार को कुर्क कर लिया गया। एनआईए ने कहा कि सरताज को 31 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया गया था और उसके कब्जे से कई हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थीं। उसके खिलाफ 27 जुलाई, 2020 को आरोप पत्र दायर किया गया था। उस पर शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूए (पी) अधिनियम और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे चल रहे हैं। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि सरताज अपने पांच सह-आरोपी जैश-ए-मोहम्मद सदस्यों के साथ कश्मीर घाटी में नए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पहुंचाने के काम में शामिल था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1267 द्वारा जैश को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' के रूप में सूचीबद्ध किया गया था और समूह के नेता मौलाना मसूद अज़हर को 2019 में यूएनएससी द्वारा वैश्विक आतंकवादी बताया गया था। एनआईए ने एक हफ्ते पहले ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुर्गों पर अपनी कार्रवाई के तहत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के एक और शीर्ष आतंकवादी की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था।




# सीतामढी में मां सीता के भव्य मंदिर का किया जाएगा निर्माण : अमित शाह



जेडीयू प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

**पटना/सीतामढ़ी,** 16 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वादा किया कि सीतामढी में 'मां सीता' का एक बड़ा और भव्य मंदिर बनाया जाएगा और इस स्थान को रामायण सर्किट से भी जोड़ा जाएगा। बिहार दौरे पर आए अमित शाह को यह बताना पड़ा कि वे बनिया के बेटे हैं। अमित शाह ने गुरूवार को बिहार के सीतामढ़ी और मधुबनी में दो जनसभाओं को संबोधित किया। अमित शाह ने एक सभा में खास तौर पर बताया कि किसके बेटे हैं। खास बात यह भी है कि दूसरी सभा में उन्होंने इसका जिक्र नहीं किया। समझिए अमित शाह का निशाना कहां था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से जेडीयू के प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

**मैं बनिया का बेटा हूं, मैं पूरा हिसाब लेकर आया हूं**

सीतामढ़ी के गोयनका कॉलेज मैदान में लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं बनिया का बेटा हूं। लालू जी बिहार को केंद्र से मदद मिलने पर सवाल उठाते हैं। मैं पूरा हिसाब लेकर आया हूं कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो बिहार को क्या मिला और जब नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो बिहार को कितनी मदद दी गई। अमित शाह चुनाव से पहले भी बिहार की अपनी जनसभाओं में इसकी तुलना करते रहे हैं लेकिन सीतामढी में पहली दफे ये कहा कि वे बनिया के बेटे हैं। दिलचस्प बात यह है कि सीतामढ़ी के बाद अमित शाह की सभा मधुबनी में थी।

मधुबनी की सभा में सीतामढ़ी से ज्यादा लोग मौजूद थे। लेकिन वहां अमित शाह ने एक बार भी इसका जिक्र नहीं किया कि वे बनिया के बेटे हैं। उन्होंने मधुबनी में भी मोदी सरकार से बिहार को मिलने वाली मदद का जिक्र किया लेकिन फर्क सिर्फ इतना था कि ये नहीं बताया कि वे बनिया के बेटे हैं इसलिए सारा हिसाब रखते हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया बल्कि वहां विशाल मंदिर बनवाया और आकर्षक रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी कराई। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे, जिन्होंने राम मंदिर का निर्माण कराया क्योंकि पहले कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उदासीन रवैये के कारण रामलला को लंबे समय तक तंबू में रखा गया था।

## सार संक्षेप

### सिक्किम के स्थापना दिवस पर धनखड़ ने दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सिक्किम के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनकी सुख-समृद्धि की कामना की। धनखड़ ने कहा कि सिक्किम अपने अप्रतिम सौंदर्य और समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर से भरपूर है। सिक्किम ने जैविक कृषि से अपने आप को समृद्ध किया है। सत्त विकास के प्रति राज्य की जिजीविषा सराहनीय है। यह सिक्किम को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

### बंगाल में दस स्थानों पर आईटी विभाग के छापे

**कोलकाता।** आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक कम से कम 10 स्थानों पर छापे मारे हैं और लगभग 55 लाख रुपए जब्त किए हैं। आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं। विभाग ने विज्ञापन एजेंसी के कार्यालयों और मालिकों के आवास पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपए जब्त किए।

### सारण में बम विस्फोट में मौलाना की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में बुधवार को मदरसा में हुए बम विस्फोट में घायल मौलाना की मौत इलाज के दौरान पटना में हो गई है जबकि घायल छात्र की चिकित्सा की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के मोतीराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में बुधवार की देर रात बम विस्फोट होने से मदरसा के मौलाना मढ़ौरा थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन तथा पड़ोसी जिला मुजफ्फरपुर का छात्र नूर आलम घायल हो गए थे। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा से पटना भेजा गया था। पटना में इलाज के दौरान मौलाना इमामुद्दीन की मौत हो गई।

### कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने में सक्रिय नहीं भाजपा : कुमार

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के महासचिव वी सुनील कुमार ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सक्रिय रूप से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेगी लेकिन अगर सरकार अपने आप गिर जाती है तो वह आगे का कदम उठाने के लिए तैयार रहेगी। कुमार की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के गिरने की भविष्यवाणी के बाद सामने आई है।

# रेवंत रेड्डी ने किसान मुद्दों की अनदेखी की : भाजपा

**हैदराबाद,** 16 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर ने कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद से किसानों से संबंधित कई चिंताओं की उपेक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की गुरुवार को आलोचना की। प्रभाकर ने राज्य पार्टी कार्यालय में कहा कि वर्तमान प्रशासन ने किसानों के कल्याण के प्रति उपेक्षा दिखाई है। उन्होंने रेड्डी पर चुनाव से पहले झूठे वादों के साथ किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया, ताकि सत्ता में आने के बाद उनकी जरूरतों को छोड़ दिया जा सके। प्रभाकर ने राज्य में किसानों को परेशान करने वाले कई मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिनमें फसल की पैदावार में गिरावट, कृषि उद्देश्यों के लिए बिजली कटौती में वृद्धि और नहरों में अपर्याप्त पानी की आपूर्ति शामिल है। उन्होंने प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण किसानों की फसल को हुए नुकसान की भरपाई करने में सरकार की विफलता की आलोचना की। साथ ही, चावल के अनाज के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान करने जैसे वादों को पूरा करने में देरी की आलोचना की। इसके अलावा, प्रभाकर ने किसान ऋण से निपटने के सरकार के तरीके की निंदा की और आरोप लगाया कि ऋण माफी के वादों के बावजूद, कई किसान अभी भी कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। चुनौतियों का सामना कर रहे किसानों के प्रति चिंता जताते हुए प्रभाकर ने उनके समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया और इन मुद्दों पर चर्चा तथा समाधान के लिए एक सर्वदलीय बैठक की मांग की। राजनीतिक परिदृश्य के बारे में, प्रभाकर ने कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति पार्टियों के बीच गहरे संबंधों का संकेत दिया।



- चुनाव से पहले झूठे वादों के साथ धोखा देने का लगाया आरोप

# हर किसी को चुनाव में प्रचार करने का अधिकार : उमर

- अमित शाह के कश्मीर दौरे के समय पर उठाया सवाल

**श्रीनगर,** 16 मई (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बारामूला से चुनाव लड़ रहे जेल में बंद नेता इंजीनियर रशीद के समर्थकों के निर्वाचन क्षेत्र में उनके पक्ष में लहर बनाने में कामयाब रहने संबंधी सवाल पूछे जाने पर कहा कि हर किसी को चुनाव में प्रचार करने का अधिकार है, लेकिन 'यह लहर' चुनाव जीतने की उनकी संभावनाओं को प्रभावित नहीं करेगी, यह उन लोगों को प्रभावित कर रही है जो कल तक दावा कर रहे थे कि पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन चुनाव जीत रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह (सज्जाद) अब कहते हैं कि उनकी जीत से ज्यादा मेरी हार जरूरी है, जैसे उन्होंने अपनी नाकामी स्वीकार कर ली हो। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कश्मीर दौरे के समय पर सवाल उठाया। अब्दुल्ला ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि शाह इस तथ्य के बावजूद घाटी का दौरा कर रहे हैं कि कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी कोई भी उम्मीदवार मैदान में नहीं है और वह अपनी पार्टी के पक्ष में प्रचार अभियान में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से कहा कि क्या यह अजीब नहीं लगता कि भाजपा का यहां कोई उम्मीदवार नहीं होने के बावजूद, गृह मंत्री लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान छोड़कर कश्मीर का दौरा कर रहे हैं। शाह के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचने की संभावना है।

जमात-ए-इस्लामी की ओर से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करने पर, नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि वह पहले ही मांग कर चुके हैं कि उन पर से प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए और आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें भाग लेना चाहिए। अब्दुल्ला ने दावा किया कि अतीत में जमात पर्दे के पीछे से अलग-अलग उम्मीदवारों का समर्थन करती थी।



## बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं अब्दुल्ला

अब्दुल्ला बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला अलगाववादी से मुख्यधारा के राजनीतिक नेता बने पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मीर फयाज और जेल में बंद नेता अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद से है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, शायद यह श्रीनगर संसदीय सीट का नतीजा है जिसे हमारे उम्मीदवार आगा रुहुल्लाह सैयद ने जीता है और भाजपा अब अन्य दो लोकसभा सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस को हराने की कोशिश करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने दावा किया कि लोग नेकां के साथ हैं और पार्टी अन्य दो सीटों-अनंतनाग और बारामूला में भी अच्छे मत प्रतिशत के साथ अपनी जीत दर्ज करेगी।

# मोदी की रैली के मार्ग पर सड़क मरम्मत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन : दानवे

**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान मार्ग पर सड़क मरम्मत एवं स्वच्छता कार्य को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करार देते हुए इस पर हुए बड़े खर्च की जांच की मांग की है।

दानवे ने अपनी शिकायत में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया कि राज्य में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया चल रही है और केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से घोषित आदर्श आचार संहिता एक महीने पहले लागू हो गई थी। ऐसे में मोदी की सभा के लिए बड़ी मात्रा में सड़क मरम्मत का काम स्थानीय प्रशासन के बजट से हो रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि एक तरह से यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। प्रधानमंत्री के दौरे के मौके पर कई जगहों पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन देखने को मिला। जहां-जहां उनकी सभाएं होनी थीं, वहां बड़ी संख्या में सड़क मरम्मत का काम हो रहा था और स्थानीय प्रशासन साफ-सफाई पर पैसे खर्च कर रहा था। दानवे ने कहा कि चूंकि मोदी कोल्हापुर में हटकनंगले लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने आ रहे थे।



- मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की

## महाराष्ट्र में 20 मई को होगा चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 20 मई को मुंबई उपनगरीय जिले के सभी चार निर्वाचन क्षेत्रों में 74.48 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुंबई उपनगरीय जिले में मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व और मुंबई उत्तर मध्य सीटें शामिल हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला चुनाव अधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर ने बताया कि मुंबई उपनगरीय जिले के 26 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7,384 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा से सीख लेकर की गरीबों की मदद : शिवकुमार

**लखनऊ,** 16 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी ने आज सुरसा का रुप ले लिया है जिससे निपटने के लिए उनकी सरकार कर्नाटक में हर माह दस किलो अनाज गरीब परिवारों को दे रही है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जिन लोगों से राहुल गांधी मिले उन्होंने देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, महंगाई, देश में पनप रही नफरत बताया। किसानों ने अपनी दुर्दशा बताई। उस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही हमने मन बना लिया था कि हमें देश की जनता की मदद करनी है। इसीलिए कर्नाटक सरकार एक करोड़ 20 लाख महिलाओं को 2000 रुपया प्रति महीना गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत दे रही है, एक करोड़ 50 लाख परिवारों को हम 200 यूनिट फ्री बिजली गृह ज्योति योजना के तहत दे रहे हैं। प्रदेश के बेरोजगारों को 3000 रूपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं।

# चार धाम यात्रा पर गए मप्र के तीन श्रद्धालुओं की मौत

**भोपाल,** 16 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पर गए राज्य के तीन श्रद्धालुओं की मौत पर दु:ख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। डॉ.यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया, चार धाम यात्रा पर गए मध्य प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं के हार्ट अटैक के कारण असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को यह गहन दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। मृतकों के परिवारजनों को मप्र शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की अंतरिम सहायता राशि प्रदान की जाएगी। वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत की खबर पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, इंदौर जिले के बेटमा थानांतर्गत इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना में आठ अनमोल जिंदगियों के असमय निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है।



- मुख्यमंत्री ने की सहायता राशि की घोषणा

**निरीक्षण** झारखंड के बोकारो में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# निर्वाचन कार्य में शिथिलता पर बीएलओ पर शो-कॉज का निर्देश

**रांची,** 16 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने गुरुवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार बोकारो पहुंचे। कुमार ने बोकारो जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए।

साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। उन्होंने बोकारो पब्लिक स्कूल स्थित मतदान केंद्र संख्या 294 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को मतदान कार्य में शिथिलता बरते जाने को लेकर शो-कॉज करने का निर्देश दिया। विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण में उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र कराने का निदेश दिया, साथ ही एएसडी सूची को अद्यतन करने, मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होने के बाद अगर किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में अन्य 12 प्रकार के डॉक्यूमेंट दिखाकर मतदान किए जाने के संबंध में मतदाताओं को जागरूक किए जाने का निदेश दिया।

कुमार ने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप का वितरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) सूची को दुरुस्त कराने का निदेश दिया। उन्होंने वोलेंटियर की सेवा लेने और उन्हें उनके कार्य दायित्वों के लिए प्रशिक्षित करने का निदेश दिया। उन्होंने क्यू मैनेजमेंट एवं टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। कुमार ने कहा कि मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने मतदान की प्रक्रिया को सुगम और व्यवस्थित बनाने तथा मतदान केंद्रों को सजाकर आकर्षक बनाने का निदेश दिया। मतदान दिवस के दिन मतदान की प्रक्रिया को तेज रखने का निदेश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में अनावश्यक सुस्ती के कारण मतदाताओं को वेवजह क्यू में खड़ा नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया गति के साथ चल सके और मतदाताओं को मत देने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रिजर्व में रखे गए मतदान कर्मियों को लगाने का प्रावधान है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बोकारो जिले के चिन्मया विद्यालय, बोकारो पब्लिक स्कूल, बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव, उप विकास आयुक्त संदीप यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



- मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग में न हो कोई समस्या : के. रवि कुमार

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# दिल्ली में कल होगी राहुल गांधी की जनसभा

■ पार्टी नेताओं ने जनसभा की तैयारियों का लिया जायजा ■ राजधानी के रामलीला मैदान में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18 मई से चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र की वजीरपुर विधानसभा के अशोक विहार स्थित रामलीला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करके दिल्ली में लोकसभा चुनाव के प्रचार का आगाज करेंगे। गुरुवार को इस बाबत जानकारी देते हुए कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अशोक विहार के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का आह्वान किया कि राहुल गांधी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र सहित दिल्ली भर से हजारों लोग 18 तारीख को अशोक विहार के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनसभा की तैयारियों के लिए हमें मिलकर सारे इंतजाम करने है। आने वाले लोगों के बैठने की व्यवस्था, गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था आदि सब ठीक ठाक हो, इसका विशेष ख्याल रखना होगा। साथ ही साथ सभी जिला अध्यक्षों विशेषकर आदर्श नगर जिला और चांदनी चौक जिला अध्यक्षों को लोगों को व्यवस्थित तरीके से राहुल गांधी की



जनसभा में पहुंचने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा द्वारा प्रचार करने लिए कहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो क्षेत्रीय लोग और कार्यकर्ता रैली में आएंगे उनके लिए रामलीला मैदान में पर्याप्त व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी जिला अध्यक्षों की दी गई है। बता दें कि चांदनी चौक लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल मैदान में हैं।

राहुल गांधी की जनसभा की तैयारियों को जायजा लेने वालों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक राजेश जैन, एआईसीसी के पूर्व सचिव मनीष चतरथ, वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह, कमल कांत शर्मा, एआईसीसी के पूर्व सचिव तरुण कुमार, जे एस न्योल, मुदित अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मनोज यादव सहित क्षेत्रीय नेता भी उपस्थित थे।

## भाजपा के चार सौ सीटें पार नारे का मकसद संविधान समाप्त करना है : उदित राज



**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.उदित राज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 400 पार सीटों का जो नारा लगा रही है, उसका मकसद संविधान को खत्म करके अपनी तानाशाही लागू करना है। डॉ. राज ने यहां पार्टी कार्यालय में उनसे मिलने आए वाल्मिकी समुदाय के प्रतिनिधियों और दिल्ली नगर निगम के सैंकड़ों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हो रहा यह आम चुनाव देश और संविधान को बचाने की अग्नि परीक्षा है। मोदी सरकार अगर इस बार सत्ता में आ जाती है तो देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिल रहा आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। यह लड़ाई तानाशाही से देश और संविधान को बचाने की है, क्योंकि बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर ने इन वर्गों को बेहतरी का जो सपना देखा था, वह इन लोगों को चुभ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजनीति देश को हिंदू-मुस्लिम के नाम पर बांटने की रही है और वह 2014 से इसी सोच पर काम करते आ रहे हैं। ये लोग देश के अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) लोगों को हिंदुत्व के एजेंडे के तहत मंदिर-मस्जिद और धर्म के नाम पर लड़ाना चाहते हैं, लेकिन जब नौकरी देने की बात आती है, तो यही लोग उन्हें दलित और पिछड़े नजर आने लगते हैं।

## दिल्ली भाजपा कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### 15 मिनट में पाया आग पर काबू

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में आए दिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार शाम अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। वहीं, राहत की बात है कि आग लगने की घटना में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में अचानक से शाम करीब 4:15 बजे बिजली मीटर बॉक्स में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिसके चलते आग लग गई।

कार्यालय स्टाफ ने मौके पर एनडीएमसी के बिजली कर्मचारी और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। जहां टीमों ने 15 मिनट के अंदर ही आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। इसके बाद दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय के परिसर की बिजली फिलहाल काट दी गई है हालांकि, बिजली मीटर बॉक्स को ठीक करने के बाद पहले जैसा ही बिजली कनेक्शन शुरू कर दिया जाएगा। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने के समय लोग घटनास्थल पर ही मौजूद थे। इसलिए तुरंत समय पर बिजली काट दिया गया। इसके कारण से आग ज्यादा नहीं फैल सकी। फिर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया।

## एम्स वाहनों पर लगाएगा जीपीएस, होगी निगरानी





**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। एम्स वाहनों की निगरानी के लिए जीपीएस डिवाइस लगाएगा। इसकी मदद से स्टाफ वाहन, बस, एबुलेंस व दूसरे वाहनों की ट्रैकिंग व निगरानी हो सकेगी। इसे लेकर एम्स निदेशक प्रोफेसर एम श्रीनिवास ने दिशा-निर्देश जारी किए है। आदेश के तहत सभी वाहनों में 30 जून तक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसा होने के बाद मरीजों को होने वाली दिक्कत को दूर किया जा सकेगा। ऐसी शिकायत मिली है कि आउटसोर्स प्रदाता के कारण वाहनों को चलाने में दिक्कत आती हैं। ऐसे में इनकी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था की जा रही है। साथ ही बिल मंजूरी में देरी और उचित रिकॉर्ड रखने वाले क्षेत्रों पर ध्यान भी रखा जा सकेगा। साथ ही कहा गया है कि तत्काल प्रभाव से कोई संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी या चालक तीन साल से अधिक समय तक किसी भी परिवहन सेवा विभाग में प्रशासनिक कार्य में नहीं रहेगा। हर तीन साल में विभाग से उसका तबादला कर दिया जाएगा। परिवहन सेवाओं से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों के लिए पारदर्शी प्रणाली 31 मई तक तैयार की जाएगी। परिवहन सेवा प्रदाताओं को 30 जून तक अपने वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस स्थापित करने होंगे।

**मरीजों को होने वाली दिक्कत को किया जा सकेगा दूर**

## सार संक्षेप

### हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के स्टूडेंट्स ने सीखे व्यापार के गुर

**नई दिल्ली।** डेंटल केयर में भारत के अग्रणी ब्रांड व्हिसल को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल ने अपने स्टूडेंट्स के फील्ड ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम के तहत शैक्षिक भ्रमण एवं ट्रेनिंग के लिए चयन किया है। इस वैश्विक प्रोग्राम के लिए 930 से भी हार्वर्ड बिजनेस स्कूल स्टूडेंट्स ने विभिन देशों में 157 ग्लोबल पार्टनर्स के तहत ये प्रोग्राम पूरा किया और भारत में व्हिसल को इन स्टूडेंट्स की मेजबानी का अवसर मिला व्हिसल के सीईओ अमरिंदर सिंह ने कहा कि हम हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के छात्रों के साथ काम करने का अवसर मिलने से बेहद उत्साहित हैं। हम छात्रों को वास्तविक शैक्षिक अनुभव प्रदान करेंगे। इससे हमें ऑफर किए जा रहे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज को सुधारने के लिए दुनिया भर के अलग-अलग नजरिए से रूबरू होने का मौका मिलेगा। बेकर फाउंडेशन के प्रोफेसर और फील्ड ग्लोबल इमर्शन फेकल्टी के चेयरमैन लेन स्लेसिंगर ने कहा कि हम व्हिसल और अपने फील्ड ग्लोबल इमर्शन प्रोजेक्ट में पार्टनर सभी संगठनों के प्रति बेहद आभारी है, जो हमारे छात्रों की योग्यता और कौशल को बढ़ाने के लिए काफी कुछ कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे स्टूडेंट्स के साथ हमारे साझेदार सेंठ गानों को परियोजना का हिस्सा बनकर बेहद लाभ मिलेगा।

### गोवो ने पहले 'मेड इन इंडिया' डॉल्बी एटमॉस साउंडबार की लॉन्चिंग की

**नई दिल्ली।** होम ऑडियो सेगमेंट में एक विश्वसनीय नाम गोवो ने आज साउंडबार की पूरी लाइन-अप को लॉन्च करने की घोषणा की। गोवो के 2024 के पोर्टफोलियो में डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ गोवो गो सराउंड 975 और 940 साउंडबार को लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य आपको बेहतरीन साउंड क्वालिटी प्रदान करना है, ताकि आप इमर्सिव साउंड का आनंद ले सकें। यह लॉन्चिंग इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये पहली मेड इन इंडिया डॉल्बी एटमॉस साउंडबार हैं। गोवो गो सराउंड 975 और 940 को मानेसर, गुड़गांव में चैनलप्ले की फैसिलिटी में निर्मित किया गया है।

## भारत में रैंसमवेयर हमले की दर में गिरावट, लेकिन प्रभाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। साइबर हमलों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने वाले इनोवेटिव साइबर सुरक्षा संबंधी समाधानों में वैश्विक तौर पर अग्रणी कंपनी सोफोस ने गुरुवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की। स्टेट ऑफ रैनसमवेयर इन इंडिया-2024 शीर्षक वाली इस रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चलता है कि भारतीय संगठनों के खिलाफ रैंसमवेयर हमलों की दर में गिरावट आई है। पिछले साल की रिपोर्ट में रैंसमवेयर हमलों की दर 73 प्रतिशत बताई गई थी, लेकिन इस साल यह घटकर 64 फीसदी हो गई है। हालाँकि, पिछले वर्ष की तुलना में अधिक फिरौती की मांग और वसूली लागत के कारण पीड़ितों पर रैंसमवेयर हमलों का असर तेज हो गया है। स्टेट ऑफ रैनसमवेयर इन इंडिया-2024 रिपोर्ट के निष्कर्ष 14 देशों के 5,000 आईटी निर्णय निर्माताओं के एक स्वतंत्र सर्वेक्षण से प्राप्त हुए हैं, जिसमें भारत के 500 उत्तरदाता भी शामिल हैं। जनवरी और फरवरी 2024 में आयोजित इस अध्ययन में उत्तरदाताओं को पिछले 12 महीनों में उनके अनुभवों के आधार पर जवाब देने के लिए कहा गया था। पहली बार, भारतीय संगठनों में बैकअप 52 प्रतिशत का उपयोग करने की तुलना में फिरौती 65 फीसदी का भुगतान करके डेटा को फिर से हासिल करने की अधिक संभावना पाई गई।

# राजधानी में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। देश की राजधानी में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता जिन्होंने फार्म भरकर घर से वोट देने की सुविधा मांगी थी, उनसे मतदान कराए जा रहे हैं। दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से गुरुवार को एक्स पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी गई। बता दें कि दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं, जिनके लिए सातवें चरण में 25 मई को मतदान होने हैं। मगर, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया है, उनके लिए मतदान की प्रक्रिया दिल्ली में शुरू हो चुकी है। चुनाव आयोग की ओर से आदेश दिया गया था कि लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर तारीख और समय निर्धारित कर घर से मतदान करने वालों का मतदान ले सकते हैं। मतदान लेने से पहले राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना देने को कहा गया था। मतदाताओं को पहले से सूचित करके टीम मतदान लेने के लिए मतदाता के घर पहुंच रही हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से एक्स पर पोस्ट डालकर दिल्ली के राजौरी गार्डन और पालम इलाके में जानकारी दी गई है। बीएलओ, पुलिस व अन्य स्टाफ मतदताओं से मतदान लेने के लिए जा रहे हैं। बता दें कि 25 मई को मतदान होने हैं।



■ बुजुर्गों व दिव्यांगों से घर जाकर लिया जा रहा मतदान

### पिकअप एंड ड्रॉप की मिलेगी सुविधा

दिल्ली में इस बार 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 97823 है। वहीं, 77480 दिव्यांग मतदाता हैं। ऐसे मतदाता जिन्होंने फार्म 12 डी भरा हुआ था, रिटर्निंग ऑफिसर उनकी स्थिति को देखते हुए तय करेंगे कि घर से वोट लेना है या कैब से उन्हें मतदान केंद्र तक लाना है। इसके लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वाहनों को हायर करने के लिए कहा था। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा के लिए 8000 वॉलंटियर्स, 4000 व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। वहीं, दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में वोटर आईडी कार्ड बनाए गए हैं। पोस्टल बैलेट पर भी ब्रेल लिपि दर्ज है, जिससे आसानी से बैलेट पेपर छूकर दृष्टिबाधित चुनाव चिह्न को पहचान सकें।

## दिल्ली भाजपा नेताओं ने पार्कों में चलाया चुनाव प्रचार अभियान

### सैर करने आए लोगों से की पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुवार सुबह दिल्ली भर के 87 जिला पार्कों में गए और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सुबह की सैर करने वालों के बीच प्रचार किया। लोगों ने भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया और सैकड़ों लोगों ने भाजपा के दावेदारों और अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। आज के अभियान में शामिल होने वालों में प्रमुख थे त्रिनगर में वीरेंद्र सचदेवा, डी.डी.यू पार्क में पवन राणा, कालकाजी में रामवीर सिंह बिधूड़ी, रोहिणी में योगेन्द्र चंदोलिया, अजमल खान पार्क में बांसुरी स्वराज, यमुना विहार में अजय महावर, कालकाजी में श्रीमति योगिता सिंह, सोनिया विहार में मोहन सिंह बिष्ट, लोनी रोड पर जीतेन्द्र महाजन, बैंक एन्क्लेव में श्री अभय वर्मा, सूरजमल पार्क में ओमप्रकाश शर्मा, गांधी नगर में अनिल बाजपेयी, अंधेरिया मोड़ पर गजेंद्र यादव, विकासपुरी में राजीव बब्बर, सुशीला मोहन पार्क में प्रवीण शंकर कपूर, दिल्ली विश्वविद्यालय में राजा इकबाल सिंह, रेखा गुप्ता पीतमपुरा में, ब्रिजेश राय बुराड़ी में के अलावा सभी प्रदेश उपाध्यक्षों, सचिवों, प्रवक्ताओं और जिला अध्यक्षों ने प्रचार में भाग लिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आज के अभियान के दौरान हमारे कार्यकर्ता सीधे एक-से-एक संपर्क में लगभग 50 हजार लोगों से मिलने और उनका अभिवादन करने में सक्षम हुए। सचदेवा ने कहा कि पार्कों में जिन लोगों से हम मिले उनमें से अधिकांश ने पिछले दशक में भारत में हुए विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कई पार्कों में लोगों ने यह कहकर भाजपा नेताओं का स्वागत किया की, जो राम मंदिर लाएंगे हम उनको लाएंगे। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मॉर्निंग वॉक करने वालों से अपील की कि 25 मई को मॉर्निंग वॉक के बाद घर वापस जाने से पहले अपना वोट जरूर डालें।



# दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने स्वाति मालिवाल को समर्थन पत्र सौंपा



**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास पर उनके सहायक विभव कुमार द्वारा अभद्रता एवं हिंसा की शिकार राज्य सभा सांसद स्वाति मालिवाल से मिलने गुरुवार को दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा के नेतृत्व उनके डी.डी.यू. मार्ग स्थित आवास पर गया। स्वाति मालीवाल के घर के एक सहायक ने बाहर आ कर भाजपा प्रतिनिधिमंडल से मिलकर पार्टी की ओर से मालीवाल को सम्बोधित समर्थन पत्र स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष के साथ महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर, वैशाली पौदार के आलावा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भी थीं।

### हमारा आना राजनीतिक उद्देश्य नहीं : ऋचा

समर्थन पत्र सौंपने के बाद ऋचा पांडेय मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि हम यहां राजनीतिक उद्देश्य से नहीं आए हैं बल्कि महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली प्रखर महिला नेत्री जो खुद अभद्रता हिंसा की शिकार हुई हैं को समर्थन देने यहां आए थे। उन्होंने पत्रकारों को स्वाति मालीवाल के नाम प्रेषित एक समर्थन पत्र की प्रति सौंपी जिसमें कहा गया है की जिसमे कहा गया है की हम समझ सकते हैं की आप अभद्रता की घटना के बाद शारीरिक एवं मानसिक वेदना से गुजर रही होंगी और हम आपको हिंसा की शिकार एक महिला होने के नाते अपना पूर्ण समर्थन देते हैं।

इनमें से कुछ पत्रकार बेहद मुंहलगे हैं जो भाजपा प्रवक्ताओं जैसे काम करते हैं। मोदी को जो कहना होता है, वे उनमें से कुछ को अपने साथ लेते हैं और कोई नयी बात करते हैं। इन बातों को प्रकाशित सामग्री के रूप में या स्टूडियो के जरिये लोगों तक पहुंचाया जाता है। इन्हीं पत्रकारों के जरिये लोगों को कभी पता चलता है कि मोदी ने कोई शिक्षा हासिल नहीं की है, तो वे ही जनता तक यह बात पहुंचाते हैं कि मोदी ने 35 साल भिक्षावृत्ति की है। उन्हीं के जरिये देश जान सका है कि मोदी जी ने कई वर्षों तक हिमालय में तपस्या की है। कुछ मोदी से सुनी तो कुछ अपनी कल्पना शक्ति के बल पर यह मीडिया दो हजार के नोट में चिप लगाता है तो गोबर में हीरा खोजता फिरता है। वैसे तो मोदी पत्रकारों से बहुत कम बात करते हैं। उनकी एक अदद प्रेस कांफ्रेंस के लिये पूरा देश 10 बरस से तरस रहा है। 'मन की बात' या जनता से बहुत दूर व सुरक्षित ऊंचाई पर बने मंचों से एकालाप के जरिये अपनी बात कहने के आदी हैं पीएम।

वाराणसी से लोकसभा के लिये तीसरी बार अपना नामांकन भरने के बाद पतित पावनी गंगा मैया के तटों पर विचरण करते हुए मोदी ने यकायक सेक्यूलर चोला ओढ़ लिया। उन्होंने मीडिया वाली से कहा- 'जिस दिन मैं हिन्दू-मुस्लिम करने लगूंगा उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रह जाऊंगा।' उनका यह बयान सभी लोगों, खासकर उनके अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिये आश्चर्य और सदमे की तरह रहा होगा, लेकिन उक्त पत्रकार ने उनके इस बयान को बिग ब्रेकिंग के रूप में प्रसारित कर नाम तो कमा लिया, लेकिन पत्रकार-धर्म को पूरी तरह से गंगा में विसर्जित करते हुए। प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता पर ऐसे एक्सक्लूज़िव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश। फिर उपरोक्त महिला पत्रकार ने क्यों मोदी से यह नहीं कहा कि, 'मोदी जी, हाल ही में आपने तो कांग्रेस के न्यायपत्र पर 'मुसलिम लीग की छाया' बतलाया था और आपने लोगों से यह भी कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपके मंगलसूत्र छीनकर 'कई बच्चों वालों' को दे देगी,' या यह भी नहीं पूछा कि, 'मोदी जी, कांग्रेस का तो देश में पिछले 55 वर्षों तक राज रहा। उसने ऐसा तो कभी भी नहीं किया।' पत्रकार को मोदी जी के स्मरण में यह भी लाना था कि आप खुद कहते रहे हैं कि 'मैं कपड़े देखकर जान जाता हूं।' मोदी को वह सारा कुछ ध्यान दिलाना था कि कैसे 10 साल उन्होंने हिन्दू-मुसलिम और भारत-पाकिस्तान करते हुए गुजार दिये।

खैर, मोदी से जितने लोगों ने हाल के वर्षों में साक्षात्कार किये हैं, उन्हें ध्यान से देखा जाये तो इस आरोप में दम दिखता है कि सवाल भी पहले से तय होते हैं और जवाब भी। तभी तो किसी भी प्रकाशित या प्रसारित इंटरव्यू में ऐसे कोई सवाल नहीं होते जो मोदी या भाजपा को असहज करते हों। न उनमें नोटबन्दी समेत मोदी सरकार की तमाम असफल योजनाओं का जिक्र होता है, न ही मणिपुर का। न महिला पहलवानों के साथ होती ज्यादतियों का और न ही आदिवासी के सिर पर पेशाब करते भाजपा कार्यकर्ता का। न भ्रष्टाचारी कहे जाने वाले विरोधियों के भाजपा प्रवेश का और न ही इलेक्टोरल बॉन्डस का।

खैर, होगा भी नहीं। मोदी ने जो दावा किया था कि हिन्दू-मुस्लिम करने पर वे सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं रह जाते, वह (दावा) ज्यादा देर तक जिंदा न रह सका। अगली ही सुबह (बुधवार को) महाराष्ट्र के डिंडौरी की आम सभा में मोदी ने बयान दिया कि 'अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह सरकार के पूरे बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को दे देगी।' फिर, उसी दिन मुंबई की सभाओं में उन्होंने राममंदिर का जिक्र किया और कहा कि शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो बहुत दुखी होते क्योंकि 'नकली शिवसेना' (उद्धव ठाकरे गुट) ने राममंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का विरोध किया था जबकि बाल ठाकरे का सपना मंदिर निर्माण का था। सवाल है कि क्या मोदी व भाजपा का चुनावी विमर्श हिन्दू-मुस्लिम किये बिना सम्भव है? उत्तर है- नहीं, क्योंकि पिछले 100 वर्षों से भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक आधार धार्मिक विभाजन ही तो है। मोदी ने इससे तौबा कर ली तो उन्हें हटाने में न भाजपा-संघ देर करेगा न समर्थक-कार्यकर्ता।

# मोदी के चुनाव भाषण : झूठ और ज़हर का सैलाब

भाजपा की प्रचार मशीनरी काफी मजबूत है और पार्टी का पितृ संगठन आरएसएस इस मशीनरी की पहुंच को और व्यापक बनाता है। आरएसएस-भाजपा के प्रचार अभियान का मूल आधार हमेशा से मध्यकालीन इतिहास को तोड़मरोड़ कर मुसलमानों का दानवीकरण और जातिगत व लैंगिक पदक्रम पर आधारित प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति का महिमामंडन रहा है। संघ परिवार समय-समय पर अलग-अलग थीमों का प्रयोग करता आया है। एक थीम यह है कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को तोड़ा। राममंदिर आन्दोलन का मूल सन्देश यही था। फिर देश की सुरक्षा भी एक प्रमुख थीम है, जिसमें पाकिस्तान को भारत का दुश्मन बताया जाता है। बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के पहले वे अन्य मुस्लिम-विरोधी थीमों के अतिरिक्त, मुसलमानों के भारतीयकरण की बात भी किया करते थे।

पिछले एक दशक में उन्होंने 'अच्छे दिन' की बात की और कई दूसरे जुमले भी उछाले, जैसे महिलाओं की सुरक्षा, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आएंगे और हर साल दो करोड़ लोगों को रोज़गार मिलेगा। कांग्रेस को भ्रष्ट पार्टी सिद्ध करने का प्रयास भी किया गया। आरएसएस से जुड़े संगठनों के समर्थन और उनके तत्वावधान में अन्ना आन्दोलन चलाया गया जिससे कई सालों तक लोगों के दिमाग में यह बैठा रहा कि कांग्रेस भ्रष्ट नेताओं की पार्टी है। फिर 2019 के चुनाव में पुलवामा-बालाकोट को मुद्दा बनाया गया और हमें बताया गया कि केवल भाजपा की सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। हालांकि इस पूरी अवधि में मुस्लिम-विरोधी प्रचार भी जारी रहा। कहने की ज़रुरत नहीं कि आरएसएस-भाजपा के प्रचारक सत्य और तथ्यों को बहुत महत्व नहीं देते।

इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ़ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। इसके बाद भाजपा-आरएसएस ने अपने पुरानी तरकीब एक बार फिर अपनाने का निर्णय किया। वह तरकीब है मुसलमानों की खिलाफत और समाज को धार्मिक आधार पर बांटना।

श्री मोदी ने मुसलमानों को अपना चुनावी मुद्दा बना लिया और इसके लिए समाज के कमज़ोर वर्गों (आदिवासी, दलित और धार्मिक अल्पसंख्यकों) के साथ न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोज़गार और इंटर्नशिप आदि का वायदा करने वाले कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र का इस्तेमाल किया।

आरएसएस और उससे जुड़े संगठन, समाज के कमज़ोर वर्गों के साथ न्याय के पुराने विरोधी रहे हैं। सन् 1925 में आरएसएस की स्थापना ही इसलिए हुई थी क्योंकि दलित अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने



राम पुनियानी

> इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ़ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम।

लगे थे और महिलाओं की समाज में सक्रियता और हिस्सेदारी बढ़ने लगी थी। भाजपा को यह अहसास हो गया कि आरक्षण और सकारात्मक भेदभाव की नीतियों पर राहुल गांधी के जोर देने का जनता पर सकारत्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब भाजपा खुल कर तो यह कह नहीं सकती थी कि वह आरक्षण की विरोधी है साथ ही, उसे राहुल गांधी के बढ़ते ग्राफ से भी निपटना था। इस दिशा में पहला कदम था संघ के मुखिया की यह गलतबयानी कि आरएसएस कभी आरक्षण का विरोधी नहीं रहा है।

दूसरी ओर मोदी नई खिचड़ी पका रहे हैं। वे कह रहे हैं, '...कांग्रेस दलितों और पिछड़ों के लिए निर्धारित कोटा को घटा कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जो संविधान के खिलाफ है। बाबा साहेब ने आरक्षण का जो अधिकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिया था, उसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं।'

मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में जाति जनगणना की बात और उसे समाज का एक्सरे बताए जाने का उपयोग भी अपने मुस्लिम-विरोधी प्रचार में किया। उन्होंने झूठ बोलने के नए रिकॉर्ड कायम करते हुए कहा कि कांग्रेस एक्सरे कर यह पता लगाएगी कि किस हिन्दू के पास सोना और धन है और फिर उसे घुसपैठियों (जो भाजपा का मुसलमानों के लिए प्रयुक्त किया जाने वाले शब्द है) में बांट देगी। हिन्दुओं और विशेषकर हिन्दू महिलाओं को डराने के लिए उन्होंने कहा, 'मेरी माताओं और बहनों, वे आपके मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो देश के हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जायेगा। यह पता लगाया जाएगा कि हमारी बहनों के पास कितना सोना है और सरकारी कर्मचारियों की कितनी संपत्ति है...उन्होंने यह भी कहा है कि हमारी बहनों के पास जो सोना है, उसे सब लोगों में बराबर-बराबर बांटा जाएगा। क्या सरकार को आपकी सम्पति आपसे छीनने का हक़ है?' उन्होंने कहा कि 'हिन्दू महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे दिया जाएगा।'

यह सब कहकर वे एक तीर से कई निशाने लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पहला, कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना, दूसरा, मुसलमानों पर निशाना साधना और तीसरा, हिन्दू महिलाओं को डराना। आखिर कोई कितना झूठ बोल सकता है। उन्हें यह भरोसा है कि बड़ी संख्या में लोग उनके झूठ के पुलिंदे पर विश्वास कर लेंगे. वे जानते हैं कि संघ परिवार के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता, उसका आईटी सेल और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा नियंत्रित टीवी चैनल और अखबार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस सफ़ेद झूठ को आमजनों का एक बड़ा तबका गंभीरता से ले। यहां तक कि उन्होंने बेचारी भैंस, जिसे भाजपा के गौमाता-केन्द्रित नैरेटिव में कभी जगह नहीं मिली, को भी अपने प्रचार में घसीट लिया। 'अगर आपके पास दो भैंसे होंगीं, तो कांग्रेस उनमें से एक को आपके बाड़े से खोल ले जाएगी'।

और फिर भला यह कैसे संभव है कि भाजपा-मोदी के चुनाव अभियान में पाकिस्तान की चर्चा न हो। मोदीजी ने फ़रमाया कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत में कमज़ोर सरकार बने। फहाद चौधरी नामक एक सज्जन, जो पाकिस्तान के पूर्व मंत्री हैं, ने कहा था कि राहुल गांधी समाजवादी नीतियों की बात कर रहे हैं। मोदी का कहना है कि पाकिस्तान चाहता है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें ताकि बालाकोट जैसे ऑपरेशन न हों। मोदीजी शायद भूल गए हैं कि राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने बांग्लादेश को स्वतंत्र करवाकर, पाकिस्तान को दो भागों में बांटने का साहसिक निर्णय लिया था- और वह भी पश्चिम के शक्तिशाली देशों की इच्छा के खिलाफ।

अब मुगलों को भी लाना था। इसके लिए मोदी ने तेजस्वी यादव के एक ट्वीट का उपयोग किया, जिसमें वे नवरात्रि के एक दिन पहले मछली खाते हुए दिख रहे हैं। मोदी ने कहा कि तेजस्वी नवरात्रि के पवित्र पर्व के दौरान मछली खाकर हिन्दुओं को उसी तरह अपमानित कर रहे हैं जिस तरह मुग़ल राजा, मंदिरों को गिरा कर किया करते थे। एक विपक्षी नेता की मामूली सी तस्वीर को मुगलों और वर्तमान मुसलमानों से जोड़ कर मोदी जी ने यह दिखा दिया है कि वे किसी भी चीज़ का उपयोग मुसलमानों और विपक्ष के नेताओं के दानवीकरण के लिए कर सकते हैं।

सचमुच, मोदी जी अद्भुत प्रतिभा के धनी है. वे जहां धुआं न भी हो, वहां आग पैदा करने में सक्षम हैं।

***(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया।)***

# भारत के हथियार उद्योग में उछाल, निर्मित हो रहा है बड़ा बाजार

■ नन्तू बनर्जी

भारत का रक्षा विनिर्माण उद्योग तेजी से देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभर रहा है और चुपचाप नवीनतम शेयर बाजार में एक उछाल ला रहा है। रक्षा निर्माताओं के लिए इतना अच्छा समय पहले कभी नहीं था। निजी क्षेत्र के रक्षा विनिर्माण उद्यम भी पारंपरिक सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक हथियार निर्माताओं की तरह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के 10 रक्षा शेयरों में पिछले एक साल में 446 फीसदी तक का उछाल आया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में हैं : एचएएल, मझगांवडॉक, भारत फोर्ज, भारत डायनेमिक्स, पारस डिफेंस एंड स्पेस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आइडियाफोर्ज, एमटीएआर टेक्नालॉजीज, डेटापैटर्न, सोलर इंडस्ट्रीज, गोवा शिपयार्ड और तनेजा एयरोस्पेस।

एसीईइक्विटी डेटाबेस के अनुसार, निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स ने 12 महीने की अवधि में 142प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो बेंचमार्क निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जिसने इसी अवधि में 26प्रतिशत रिटर्न दिया है। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स के कुल 15 शेयरों में से 14 ने निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न दिया है। वहीं, 10 शेयरों में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। देश के आयुध विनिर्माण बाजार का आकार 2024 में 17.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। इसके 2029 तक 23.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत की हथियारों की मांग उनकी घरेलू आपूर्ति से कहीं अधिक है क्योंकि देश दुनिया का शीर्ष रक्षा उत्पाद आयातक बना हुआ है। ऐसा तब तक बने रहने की संभावना है जब तक घरेलू रक्षा उद्योग अमेरिका, रूस, चीन, यूके, जर्मनी, फ्रांस और इज़राइल जैसे दुनिया के शीर्ष हथियार विनिर्माण देशों में से कुछ के बराबर नहीं हो जाता।

> भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निर्माताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं।

अब तक भारत का सैन्य बजट अपनी सेना को खिलाने के लिए काफी छोटा रहा है, जो चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। कागज पर भारत का रक्षा बजट अमेरिका (832 अरब डॉलर), चीन (227 अरब डॉलर) और रूस (109 अरब डॉलर) की तुलना में 74 अरब डॉलर के साथ चौथा सबसे बड़ा है। वास्तव में, भारत का अधिकांश रक्षा बजट सैन्य कर्मियों के वेतन और पेंशन पर खर्च किया जाता है। विडंबना यह है कि 1.4 अरब नागरिकों के साथ दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत का वार्षिक रक्षा खर्च सऊदी अरब के 72 अरब डॉलर के सैन्य बजट के करीब है। सऊदी अरब की कुल जनसंख्या 37 मिलियन से भी कम है।

भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निर्माताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को हथियार निर्माताओं को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

अमेरिका समर्थित यूक्रेन-रूस युद्ध, इज़राइल-हमास लड़ाई, उत्तर कोरिया की वाशिंगटन विरोधी और सियोल विरोधी बयानबाजी और प्रशांत और भारत-प्रशांत क्षेत्रों और इसके बेल्ट के तहत अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में चीन के लगातार सैन्य विस्तार आदि के परिणाम स्वरूप मांग और बढ़ेगी। सामरिक सड़क निर्माण की पहल और विश्व शांति और सुरक्षा के विवादास्पद मुद्दों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र की कमजोर स्थिति, आने वाले वर्षों में हथियारों और आपूर्ति की वैश्विक मांगों में भारी वृद्धि कर सकता है।

ब्लूमबर्ग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में पीछे हटने की होड़ से अगले दशक में अकेले 7 देशों को करीब 10ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसकी सूचीबद्ध सुरक्षा चुनौतियों में रूस, अस्थिर पश्चिम एशिया और चीनी सेना द्वारा प्रशांत क्षेत्र की ओर अमेरिका का ध्यान आकर्षित करना शामिल है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक पुनरुद्धार का एक नया युग भारी लागत पर गति पकड़ रहा है और पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक वित्त से जूझ रही पश्चिमी सरकारों द्वारा कुछ कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। विश्व रक्षा खर्च पिछले साल रिकॉर्ड 2.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

क्या भारत वैश्विक सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज कर सकता है और चीनी सैन्य आक्रामकता को रोकने के लिए उन्नत हथियारों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात करके खुश रहना जारी रख सकता है? दिलचस्प बात यह है कि चीन ने पिछले पांच वर्षों में अपने हथियारों के आयात में कटौती की है। चीन ने विदेशी निर्मित हथियारों के स्थान पर अपनी 'स्वयं' तकनीक से निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। चीनी निर्माता अमेरिकी सैन्य बुनियादी ढांचे में गहराई से जुड़े हुए हैं। फ्रांस उन्नत चिप प्रौद्योगिकी की चीन और रूस में संदिग्ध तस्करी की जांच कर रहा है।

चीन की विदेशी हथियारों की खरीद में अभी भी रूस का बड़ा योगदान है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2019-23 में चीन के हथियारों के आयात में पिछले पांच वर्षों की तुलना में 44 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे वह विदेशी हथियारों के दुनिया के सबसे बड़े खरीदारों की सूची में 10वें स्थान पर आ गया। रूस ने चीन की सैन्य खरीद का 77 प्रतिशत आपूर्ति की, जिसमें विमान के इंजन और हेलीकॉप्टर सिस्टम शामिल हैं। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ फ्रांस का स्थान है, जबकि भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक बना हुआ है।

भारतीय निवेशक देश के हथियार निर्माण उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार और उसके डीआरडीओ को मिलकर काम करने की जरूरत है। देश ने अपनी मिसाइल प्रणाली बनाने में काफी अच्छा काम किया है। स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, चौथी पीढ़ी के लड़ाकूविमान एलसीए तेजस उन भारतीय हथियार प्रणालियों में से हैं, जिन्होंने कई विदेशी खरीदारों की रुचि को आकर्षित किया है।

भारत को एक मजबूत और जीवंत रक्षा विनिर्माण उद्योग का निर्माण करके हथियारों के आयात में भारी कटौती करने के लिए और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। नतीजतन, भारत में रक्षा शेयरों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जायेगी, जिससे आने वाले वर्षों में उनके स्टॉक की कीमतों में वृद्धि होगी। रक्षा उद्योग की प्रकृति उच्च लागत वाली मशीनरी और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं में पर्याप्त अग्रिम निवेश की मांग करती है, जिसके लिए भारी पूंजी की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि बड़े-बड़े औद्योगिक घराने विशिष्ट उत्पाद फोकस वाली अलग-अलग कंपनियों को बढ़ावा देकर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करें। बाजार ऐसे उद्यमों को गोद लेने के लिए तैयार है।

## पावन प्रसंग

# अनेक उलझनों से बचाता है वाकसंयम

अर्थपूर्ण वाणी बोल पाना मानव की उपलब्धि है। इस उपलब्धि का सदुपयोग होना चाहिये। विचार सम्प्रेषण मानव जीवन की अपरिहार्य प्रवृति है। वाणी विचार संप्रेषण प्रक्रिया को सार्थकता प्रदान कर देती है अतः जीवन में वाणी उच्चारण का बहुत महत्व है। मानव की वाणी अमृत वर्षा की तरह सुखद और आनन्द पूर्ण हो सकती है तो विष वर्षा की तरह कष्ट प्रद भी हो सकती है। मानव की वाणी के अनेक है, सत्य असत्य मिश्र स्पष्ट अस्पष्ट व्यंग्य कठोर कोमल आक्षेप पूर्ण, निरर्थक आदि अनेक तरह से वचन प्रयोग होते हैं। सबसे बड़ी विशेषता वचन प्रयोग की यह है कि उससे न केवल वचन प्रयोक्ता प्रभावित होता है अपितु श्रोता भी उस से अवश्य प्रभावित होता है। अतः वचन का प्रभाव बहुत व्यापक है। यही बात ध्यान में लेकर हमारे तत्वज्ञों ने वाकसंयम के अनेक संदेश उपदेश दिये हैं। मौन रह जाने को हमारे यहां व्रत का दर्जा दिया गया है। बहुत कम बोलने और उपयोगी बोलने की शिक्षा सभी महापुरुषों ने दी है। हम जो कुछ बोले उसे अपने मस्तिष्क की तुला पर तोल कर बोले त्वरित ही न बोल जाएं कि बाद में पश्चाताप करना पड़े। मानव के पास जितनी उलझने हैं उनमें अनेक उलझनें ऐसी जो गलत समय पर गलत बोल देने से पैदा हुई है। सही समय पर उचित और योग्य भाषा का प्रयोग किया जाए जो कोई कठिनाई पैदा हो, यह संभव ही नहीं है। एक बात यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि सारे विषय अपने बोलने के नहीं होते अनावश्यक प्रत्येक विषय में कुछ न कुछ बोल ही देना महत्व हीन तो होता ही है अनेक कठिनाइयां भी पैदा कर देता है। द्रौपदी के द्वारा दुर्योधनों को अन्धा कह देना दुःखद ही रहा। वाणी मानव की स्वाधीन विशेषता है, इस पर किसी का बन्धन नहीं होता वह चाहे तो अपनी वाणी को अमृत का स्वरूप प्रदान करे और वह चाहे तो वाणी से ही विष घोल दे। इसलिये वाणी के संयम के लिये व्यक्ति को स्वयं ही प्रशिक्षित होना पड़ेगा। बोलना कैसे? यह कोई और नहीं बता सकता। स्वयं को ही निर्णय करना होता है कि वह क्या बोले और कैसे बोले? राजनीति के रंगमंच में अभिव्यक्ति की आजादी के आड़ में चुभनभरी वाणी बोली जा रही है। उसके लिए निंदा के पात्र बनते है। जनता में संदेश भी गलत जाता है इसलिए सोचकर बोलना हितकर होगा।

**कान्तिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# समृद्ध नैतिकता आधारित शिक्षा नीति की जरूरत

हर राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा का अति महत्वपूर्ण किरदार होता है। जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित, पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक तथा वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है। हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें। बिना संस्कृति, संस्कार और वैचारिक क्षमता के बिना कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता। वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है और बिना विचार व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्वकालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी सशरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है। विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी कि सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## यहूदी अमेरिकी प्रशासन कर्मचारी ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा इजरायल को समर्थन देने का हवाला देते हुये यहां के गृह विभाग में काम करने वाली एक यहूदी प्रशासन कर्मचारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पोलिटिको की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, लिली ग्रीनबर्ग कॉल ने अपने इस्तीफे पत्र में गाजा में इजरायल के युद्ध में श्री बिडेन के निरंतर समर्थन का हवाला देते हुए गृह विभाग में चीफ ऑफ स्टाफ के विशेष सहायक के पद से इस्तीफा दे दिया। सुश्री कॉल ने अपने पत्र में लिखा कि मैं अब, अच्छे विवेक के साथ, गाजा में इजरायल के नरसंहार के लिए राष्ट्रपति बिडेन के विनाशकारी, निरंतर समर्थन के बीच इस प्रशासन का प्रतिनिधित्व करना जारी नहीं रख सकती।

# देश विदेश

# स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री को लगीं चार गोलियां, हालत अब भी गंभीर : रॉबर्ट कलिनक



**ब्रातिस्लाव,** 16 मई (एजेंसियां)। स्लोवाकिया के रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने गुरुवार को ब्रातिस्लावा में सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक के बाद कहा कि एक दिन पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या का प्रयास किया गया, उन्हें चार गोलियां लगीं, उनकी हालत अभी भी गंभीर है। कलिनक, जो उप प्रधानमंत्री भी हैं, ने कहा कि फिको को चार गोलियां लगीं और वह गंभीर रूप से जख्मी हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर उसकी हालत को स्थिर करने में कामयाब रहे हैं, लेकिन फिको अभी भी खतरे से बाहर नहीं हैं। हमारी रात बहुत मुश्किलें भरी रही। स्लोवाकिया के विशेषज्ञों ने हत्या के प्रयास के बाद फिको के लिए सुरक्षा सावधानियों की आलोचना की है। स्लोवाकिया के पूर्व पुलिस प्रमुख स्टीफन हमरान ने गुरुवार को डेनिक एन. अखबार को बताया कि फिको ने खुद कुछ हफ्ते पहले राजनेताओं पर किसी के गोली चलाने के खतरे के बारे में बात की थी। उन्होंने गोलियां चलने के बाद सुरक्षा कर्मचारियों की प्रतिक्रिया की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वहां अराजकता थी और यह उनकी विफलता है। स्लोवाकिया की निजी सुरक्षा इकाई के पूर्व प्रमुख जुराज जबोजनिक ने भी प्रधानमंत्री के अंगरक्षकों की आलोचना की। उन्होंने समाचार चैनल टीए3 को बताया कि अगर चार या पांच गोलियां चलाई जा सकती हैं, तो किसी को दोषी ठहराया जाएगा। मैंने किसी भी अंगरक्षक को सरकार के मुखिया के सामने खड़े होते नहीं देखा है। फिको को बुधवार को उस समय गोली मार दी गई, जब उन्होंने हैंडलोवा में एक कैबिनेट बैठक के बाद बाहर खड़ी जनता से हाथ मिला रहे थे।

### फिको पर हुए हमले की मोदी ने की निंदा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको पर हमले की निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण बताया। हमले पर दुख व्यक्त करते हुए, पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया और लिखा कि स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको पर हुई गोलीबारी की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है। मैं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत के लोग स्लोवाकिया के साथ खड़े हैं। बता दें कि स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको पर बुधवार यानी 15 मई को 71 साल के व्यक्ति ने पांच गोलियां दागीं, जिसमें से एक गोली उनके पेट में लगी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी सर्जरी की गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, सर्जरी के बाद अब उनकी जान खतरे से बाहर है। स्लोवाक के आंतरिक मंत्री माटस सुताज एस्टोक के अनुसार, हमले को राजनीति से प्रेरित हत्या के प्रयास के रूप माना जा रहा है।

## स्लोवाकिया की राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री पर हमले के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई

**ब्रातिस्लावा,** 16 मई (एजेंसियां)। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हत्या के प्रयास के बाद निवर्तमान राष्ट्रपति ज़ुजाना कैपुतोवा और उनके उत्तराधिकारी पीटर पेलेग्रिनी ने सभी राजनीतिक दलों को परामर्श के लिए आमंत्रित किया है। कैपुतोवा ने गुरुवार

### ■ फीको पर हमले की निंदा की

को ब्रातिस्लावा में एक टेलीविजन भाषण में जनता से अपील की, आइए, नफरत और आपसी आरोपों के दुष्चक्र से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि फिको पर हमला एक व्यक्तिगत कृत्य था, लेकिन नफरत का तनावपूर्ण माहौल सामूहिक रूप से बनाया गया। भाषण के दौरान कैपुतोवा और पेलेग्रिनी ने संयुक्त रूप से मौजूदगी दर्ज कराई। उदारवादी प्रोजेसिव स्लोवाकिया पार्टी से ताल्लुक रखने वाली पुतोवा ने कहा कि हम इस तनावपूर्ण स्थिति को समझने का संकेत भेजना चाहते हैं। दोनों राजनेताओं ने एक बार फिर फीको पर हमले की निंदा की। फिको के गठबंधन में शामिल हुए पेलेग्रिनी ने राजनीतिक दलों से जून में यूरोपीय चुनावों से पहले अपने चुनाव अभियानों को निलंबित करने या कम से कम सीमित करने का आह्वान किया, जब तक कि



माहौल शांत नहीं हो जाता। अपने भाषण के बाद दोनों सरकारी कार्यालय में सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। 2018 के बाद के वर्षों में प्रधानमंत्री के रूप में फिको का यह तीसरा कार्यकाल है। इस दौरान पेलेग्रिनी और कैपुतोवा बातचीत के लिए अक्सर फिको से मिलते रहे हैं। जब पेलेग्रिनी फिको के गठबंधन में शामिल हुईं, उसके बाद से उनके व्यक्तिगत संबंध में पहले जैसी गर्माहट नहीं देखी गई।

## सुडोकू 6557

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 17 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ - आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन - दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और पड़ोसियों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कर्क - आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें।

सिंह - आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या - आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका है।

तुला - आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने- फिरने का मज़ा ले सकेंगे। परिवार में खुशी के पल बिताएंगे।

वृश्चिक - अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी। नौकरी में प्रगति हो सकेगी।

धनु - आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी। नौकरी तथा व्यवसाय में भी किसी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

मकर - आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है। उसमें पैसे खर्च होंगे।

कुंभ - आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे और रोमांस के पल बिता सकेंगे।

मीन - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# राष्ट्रपति बनने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर

**बीजिंग,** 16 मई (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को यहां बीजिंग ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में एकांत में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने पांचवे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने आज यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। श्री पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशानिर्देश तय किये गये हैं। शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है। तीन चौथाई सदी के दौरान उतार-चढ़ाव के बावजूद चीन-रूस संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की कसौटी पर खरे उतरे हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि यह रिश्ता प्रमुख देशों और पड़ोसी देशों के लिए एक-दूसरे के साथ सम्मान और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने और दोस्ती और पारस्परिक लाभ को आगे बढ़ाने का एक अच्छा उदाहरण बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वह और श्री पुतिन 40 से अधिक बार मिल चुके हैं और गहरे संपर्क में रहे हैं। चीन-रूस संबंध कड़ी मेहनत से बनाए गए हैं और दोनों पक्षों को इसे संजोने और पोषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन-रूस संबंधों का स्थिर विकास न केवल दोनों देशों और दोनों लोगों के बुनियादी हितों में है बल्कि क्षेत्र और दुनिया भर में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी अनुकूल है।श्री शी ने कहा कि नई यात्रा में चीन एक-दूसरे का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और एक-दूसरे पर भरोसा करने वाला अच्छा साझेदार बने रहने के साथ-साथ दोनों लोगों के बीच स्थायी मित्रता को मजबूत करने, संयुक्त रूप से संबंधित राष्ट्रीय विकास एवं पुनरोद्धार को आगे बढ़ाने और दुनिया में निष्पक्षता एवं न्याय कायम रखने के लिए रूस के साथ काम करने के लिए तैयार है।



**चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं : व्लादिमीर पुतिन**

## वर्ग पहेली 6557

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
४. अव्यवस्था, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा, साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०.सौदे आदि में मध्यस्थता करनेव वाला
११. प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, कुद्ध होना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
९.९. कमल
२१. उपवन
२२. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिसके पास कुछ न हो, अतिनिर्धन, जिस वस्तु की ककोई कीमत न हो
२. असह्य, असक्त, कष्ट देने वाल (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर'
११. गिच.कल्याण, अच्छाई
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकम्पा
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

### वर्ग पहेली-6556

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ त | फ | २ सी | ल | ■ | ■ | ३ फ | जी | ४ ह | त |
| क | ■ | र | ■ | ५ अ | प्स | रा | ■ | त्या | ■ |
| ६ रा | ह | त | क | ना | ■ | ७ ग | ज | रा | ८ ज |
| र | ■ | ■ | ■ | ९ वृ | तां | त | ■ | ■ | न |
| ■ | १० स | म्मि | ११ लि | त | ■ | ■ | १२ आ | तं | क |
| ■ | फ | ■ | ख | ■ | १३ हू | ब | हू | ■ | ल्या |
| १४ सु | ल | १५ झ | ना | ■ | क | ■ | १६ त | १७ रू | ण |
| हा | ■ | ल | ■ | १८ ज | ना | १९ ब | ■ | स | ■ |
| २० ग | तां | क | ■ | न | ■ | २१ ना | ग | वा | २२ र |
| न | ■ | २३ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | जा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## रावण के चरित्र में जान फूंकने का सफर यादगार रहा : दुर्जेय राजा रावण

नई दिल्ली 16 मई (एजेंसियां)। इस हफ्ते, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न की महागाथा, 'श्रीमद रामायण' में 'लंका दहन' के अध्याय की शुरुआत होगी क्योंकि लंकापति रावण भगवान हनुमान को डराने की कोशिश करके अपनी ताकत और अधिकार को प्रदर्शित करने का प्रयास करेगा, जिन्हें रावण के बेटे मेघनाद ने पकड़ लिया था। हालांकि, भगवान हनुमान उसकी आक्रामकता से अप्रभावित रहते हुए, अपने प्रिय भगवान राम के प्रति अपने संकल्प और निष्ठा पर दृढ़ रहते हैं। उनके दृढ़ संकल्प से क्रोधित होकर, रावण अपने सैनिकों को भगवान हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। जब मुकाबला अपने चरम पर पहुंचता है, भगवान हनुमान अपनी अविश्वसनीय शक्ति का प्रदर्शन करते हैं और अपनी असाधारण ताकत दिखाते हैं। पूरी लंका को आग की लपटों से घेरकर, भगवान हनुमान अपनी शक्तिशाली पूंछ का उपयोग करके राज्य में आग लगा देते हैं, और धार्मिकता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति को प्रदर्शित करते हैं। यह कार्य न केवल भगवान हनुमान की अनूठी निष्ठा का प्रतीक है, बल्कि प्रकाश और अंधेरे के बीच के शाश्वत युद्ध को उजागर करते हुए, पाप पर पुण्य की विजय के शक्तिशाली प्रतीक के रूप में भी काम करता है। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए, दुर्जेय राजा रावण का किरदार निभाने वाले निकितिन धीर कहते हैं, रावण के चरित्र में जान फूंकने का सफर यादगार रहा है। हर अध्याय के साथ, मुझे उसकी ताकत, क्षमता और आकांक्षाओं की गहराई को समझने का अवसर मिला है। अपनी ताकत को व्यक्त करने के लिए, उसने भगवान राम के प्रति भगवान हनुमान की अटूट भक्ति को तोड़ने के उद्देश्य से अपने सैनिकों को उनकी पूंछ को आग लगाने का आदेश दिया।

# अमेरिका में दक्षिणी सीमा से 16 लाख प्रवासी आए

**वाशिंगटन,** 16 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग



सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं। अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अमेरिका-मेक्सिको सीमा को अवैध रूप से पार करते समय आशंका से बचने की कोशिश करने वाले प्रवासियों की आपराधिक पृष्ठभूमि होने की संभावना है जिससे अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने पर उन्हें तत्काल निर्वासन करना पड़ सकता है।

## आज का इतिहास

1498-वास्को डी गामा ने कालीकट के नजदीक पहली बार लंगर डाला।
1540-शेरशाह ने हरदोई में हुमायूं को मात दी। इसे इतिहास में कन्नौज की लड़ाई के नाम से जाना जाता है।
1749-प्रसिद्ध कार्यचिकित्सक तथा 'चेचक' के टीके के आविष्कारक एडवर्ड जेनर का जन्म।
1769-ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
1857-बहादुर शाह जफर द्वितीय को स्वतंत्र मुगल बादशाह घोषित किया गया।
1949-भारत ने राष्ट्रमंडल देशों के समूह में बने रहने का फैसला किया।
1951-प्रसिद्ध भारतीय ग़ज़ल और पार्श्ववगायक पंकज उदास का जन्म।
1953- हिंदी सिनेमा की चरित्र अभिनेत्री प्रीति गांगुली का जन्म।
1972-पद्म श्री से सम्मानित भारतीय मूर्तिकार रघुनाथ कृष्ण फड़के का निधन।
1974-आयरलैंड के डबलिन शहर में तीन कार बम धमाकों में 23 लोगों की मौत और 100 से अधिक घायल हुए।
1975-जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
1987-सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
2000-रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
2002-पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद।
2007-भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू।
2008-बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह न नीतीश मंत्रिमण्डल से इस्तीफ़ा दिया।
2008-तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया।

**हमला** *टैंक से गलती से हुई गोलाबारी*

# पांच इंजरायली सैनिकों की मौत, सात घायल

**यरुशलम, 16 मई (एजेंसियां)। उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। यह जानकारी गुरुवार को इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार इजराइली टैंको ने एक इमारत की खिड़की में बंदूक देखकर उस दिशा में गोलाबारी कर दी। टैंक का संचालन कर रहे सैनिकों को गलतफहमी हो गई। उन्होंने इमारत में मौजूद इजराइली सैनिकों को हमास के आतंकी समझ गोलाबारी की।**



इससे पांच सैनिकों की जान चली गई। सेना ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। आईडीएफ के अनुसार पिछले साल सात अक्टूबर के हमास के हमले के बाद से अब तक 626 इजराइली सैनिक मारे गए हैं।

### वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

**रमाल्लाह/तेल अवीव,** 16 मई (एजेंसियां)। वेस्ट बैंक के रमाल्लाह में स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि तुलकेरेम शहर में एक इजरायली सैन्य अभियान में तीन फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय के अनुसार, 22 से 27 साल की उम्र के तीन लोग इजरायली हमले के दौरान मारे गए। फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सैनिकों ने तुलकेरेम और वेस्ट बैंक के अन्य शहरों में करेंसी एक्सचेंज ऑफिसों पर छापा मारा। छापा क्यों मारा गया, इसका कारण साफ नहीं था। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि रिपोर्ट की जांच की जा रही है। 7 अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद गाजा युद्ध शुरू होने पर कब्जे वाले वेस्ट बैंक में सुरक्षा स्थिति और भी खराब हो गई है। वेस्ट बैंक में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से वेस्ट बैंक में कम से कम 479 फिलिस्तीनी इजरायली सैन्य अभियानों और हमलों में मारे गए हैं। इसी दौरान, फिलिस्तीनियों को निशाना बनाने वाले इजरायली निवासियों की हिंसा में वृद्धि हुई है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिका, दक्षिण कोरिया का पहला संयुक्त लड़ाकू विमान अभ्यास

**सोल,** 16 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने पहला संयुक्त लड़ाकू विमान अभ्यास किया है। देश की योनहाप समाचार एजेंसी ने गुरुवार को दक्षिण कोरियाई वायु सेना का हवाले से खबर दी है कि दोनों देशों के संयुक्त अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35एएस और दो अमेरिकी एफ-22 रैप्टर शामिल थे। वायु सेना ने कहा कि लड़ाकू विमानों द्वारा आक्रामक और रक्षात्मक मिशन देशों के उन्नत विमानों का यह पहला अभ्यास था। इस अभ्यास में एफ-35एएस, एफ-15केएस और एफ-16एस सहित 60 विमान तथा पांच सौ से अधिक सैन्यकर्मी शामिल थे। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का संयुक्त अभ्यास कथित रूप से उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के मंगलवार को प्योंगयांग में एक नयी सामरिक मिसाइल हथियार प्रणाली के निरीक्षण के बाद हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर आठ दिवसीय हवाई अभ्यास, सोरिंग ईगल शुरू करने की योजना बनाई है , जिसका उद्देश्य, दुश्मन की क्रूज मिसाइलों, विमान घुसपैठ और लक्ष्य पर हमला करना है।

# प्रादेशिकी

## आपका एक-एक वोट केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा : कंगना

**कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मंडी से प्रत्याशी कंगना रनौत ने गुरुवार को कहा कि जनता का एक-एक वोट केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा। कांग्रेस का अगर किसी ने गलती से भी बटन दबा दिया तो उसका वोट बेकार जाना तय है। सुश्री कंगन ने कांग्रेस नेताओं को उनके पाकिस्तान समर्थित बयान पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि वे कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, नहीं पहनी हैं तो हम पहना देंगे। पाकिस्तान को आटा चाहिए, बिजली चाहिए, हमें क्या पता उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस नेतृत्व वाली अस्थिर और कमजोर सरकार नहीं चाहता और न ही डरपोक प्रधानमंत्री चाहता। कांग्रेस के लोग इतने डरे हैं कि इन्हें सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने पिछले सोमवार को कहा था कि पाकिस्तान के पास भी एटम बम है और उसने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं।

# विपक्षी पार्टियों ने बनाया परिवार बचाने का गठबंधन : मुख्यमंत्री धामी




### राहुल ने मानी हार, दिल्ली में कई दावेदार : पुष्कर धामी, मुख्यमंत्री

**रोहतक,** 16 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अरविंद शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। समरगोपालपुर गांव में उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस एक परिवार से बाहर नहीं जा पाती। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार बनाने नहीं, बल्कि अपने परिवारों को बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का ठगबंधन है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी पूरे देश को परिवार मानकर चलती है, जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल दल सिर्फ अपने परिवार को प्रथम मानकर काम कर रहे हैं। हरियाणा और दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही हैं, जबकि पंजाब में एक दूसरे के खिलाफ। ये जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोबारा जेल जाएंगे। पहले वो कहते थे कि अगर घोटाले के आरोप लगे तो तुरंत पद छोड़ देंगे, लेकिन अब जेल में रहकर भी मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। अब आम आदमी पार्टी में भी मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार हो गए हैं। इसलिए पार्टी में मारपीट हो रही है। इसके अलावा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी परंपरागत सीट को छोड़कर साबित कर चुके हैं कि उन्होंने अपनी हार मान ली है। राहुल गांधी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में इसलिए नहीं पहुंचे, क्योंकि वो विशेष जाति के वोट बैंक को लुभाना चाहते थे। राम मंदिर आस्था का विषय है और इसे राजनीतिक विषय नहीं बनना चाहिए।

## चारधाम व्यवस्था को लेकर सीएम ने ली हाईलेव बैठक

**देहरादून।** चारोंधाम के कपाट खुलने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे है। हालांकि तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण कई जगहों पर व्यवस्थाएं चरमरा गई है, जिसको फिर से पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। यहीं कारण है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरियाणा का चुनाव प्रचार छोड़ देहरादून पहुंचे और उत्तराखंड सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

जानकारी के मुताबिक हरियाणा के यमुनानगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दिल्ली में चुनावी कार्यक्रम था, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीधा दिल्ली न जाकर देहरादून आ गए और सचिवालय में शासन के उच्च अधिकारियों के साथ हाई लेवल बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा में आने वाले भक्तों की यात्रा सुगम और उन्हें बेहतर व्यवस्थाएं मिले। सीएम धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चारधाम से संबंधित जिले चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी के साथ ही टिहरी जिले के जिलाधिकारियों से भी यात्रा के बारे में जानकारी ली। चारधाम यात्रा में 12 श्रद्धालुओ की अब तक मौत हो चुकी है, जिसके चलते सीएम धामी ने अधिकारियों से इस बाबत जानकारी लेने के साथ तमाम जरूरी दिशा निर्देश दे रहे है। यात्रा मार्गों पर जाम एक गंभीर समस्या बनी हुई, जिसके चलते सीएम ने परिवहन विभाग को भी निर्देश दिए है कि ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया जाए ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

# सरकार ने गौपालकों की धनराशि बढ़ाकर की 1200 रुपए : मुख्यमंत्री



### वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक प्रभावी पग उठा रही है ताकि गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में आशातीत सुधार लाया जा सके : सुखविन्दर सिंह सुक्खू

**शिमला,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि भाजपा ने गाय के नाम पर केवल राजनीति की है, जबकि गाय और गौपलकों के कल्याण के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या का निदान करने के लिए राज्य सरकार ने निजी गौ-सदनों में आश्रित गौवंश को दिए जाने वाले अनुदान को भी 700 रूपये से बढ़ाकर 1200 रूपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त राज्य में बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो इन पशुओं को किसानों तथा स्थानीय समुदायों से परामर्श के के बाद गौ-अभ्यारण्यों तथा गौशालाओं में रखने बारे अपने सुझाव देगी, जिसका प्रावधान बजट 2024-25 में किया गया है। इन कदमों से बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी और किसान फिर से खेती-बाड़ी की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक प्रभावी पग उठा रही है ताकि गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में आशातीत सुधार लाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में बसती है तथा सरकार की नीतियां एवं कार्यक्रमों को उनके आर्थिक स्तर को सशक्त करने के लिए बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पशुपालन तथा दूध उत्पादन को प्राकृतिक खेती से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि को सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों को उत्तम नस्ल के पशु उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सोलन जिले के दाड़लाघाट में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां दूध पर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाय के दूध पर 45 रूपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध पर 55 रूपये प्रति लीटर समर्थन मूल्य पशु पालकों को सुनिश्चित किया जा रहा है। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशु पालकों को दूध उत्पाद को उचित मूल्य सुनिश्चित करेगी तथा दूध से बनने वाले उत्पादों की गुणवता पर भी ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में पशुपालन से सम्बन्धित कौशल विकास के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के माध्यम से नये कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करेगी।

**सार संक्षेप**

## मोदी ने करोड़ों के बड़े प्रोजेक्ट दिए : अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि आज हिमाचल समेत पूरे देश की एक ही चॉइस है, मोदी। चार चरणों के बाद स्पष्ट हो चुका है कि जनता ने स्थिर और



ईमानदार सरकार यानी मोदी सरकार के लिए अपना वोट दे दिया है। ठाकुर ने आज बिलासपुर सदर व घुमारवीं में आधा दर्जन से ज़्यादा जनसभाओं को संबोधित कर उन्हें भारी मतों से जिताने व केंद्र में फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी ने सदा हिमाचल को अपना दूसरा घर माना और हिमाचल के लिए कभी छोटा नहीं सोचा, हमेशा खुले मन से दिया इसीलिए इस छोटे पहाड़ी राज्य के लिए भी हम बड़ी विकास परियोजनाएं लाने में सफल हुए। विकास हमारे लिए एक निरंतर प्रक्रिया है।

## पोती ने रचा था दादी की हत्या का षडयंत्र

**हरिद्वार।** दिन दहाड़े घर में घुसकर हुई बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका की पोती व एक बीबीए के छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा व स्कूटी बरामद किया गया है। बुजुर्ग महिला की हत्या का षडयंत्र उसकी पोती ने रचा था जबकि हत्या की घटना को अंजाम बीबीए के छात्र ने दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि गंगा सप्तमी के पर्व पर ज्वालापुर क्षेत्रान्तर्गत चाकलान मोहल्ले में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला की हत्या की सूचना पर ज्वोलापुर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी करने पर पता चला कि पेशे से तीर्थ पुरोहित अनुराग शर्मा गंगा सप्तमी के अवसर पर 14 मई को अपने परिवारजनो के साथ पूजा अर्चना के लिए हर की पैड़ी गए हुए थे तथा उनकी बुजुर्ग मां घर पर अकेली थीं। दोपहर के समय चीख पुकार की आवाज सुन पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बुजुर्ग महिला को लहुलुहान हालत में खून से सने फर्श में पाया।

## चौरा गिरोह का करीबी सहयोगी गिरफ्तार, दो पिस्तौल बरामद

**अमृतसर।** एक बड़ी सफलता में, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने यूएसए स्थित पवित्तर चौरा गैंग के करीबी सहयोगी जगरूप उर्फ जूपा को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव याद ने गुरुवार को बताया कि जगरूप उर्फ जूपा पवित्तर चौरा गिरोह का मुख्य हथियार संचालक है।

## सुडोकू 6557 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

# मुसलमानों को मोदी सरकार की योजनाओं का मिला है पूरा लाभः सिद्धिकी



**चंडीगढ़,** 16 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने चंडीगढ़ के अल्प संख्यक समाज और मुस्लिमों से एकजुट होकर भाजपा के प्रत्याशी संजय टंडन के समर्थन में वोट की अपील की। उन्होंने गुरुवार को चंडीगढ़ में भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम में अल्प संख्यक मोर्चा की बैठक ली और अपने संबोधन में कहा कि हिन्दुस्तान का मुस्लिम समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित मानते हुए उन पर भरोसा करता है। वह यकीन से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान योजनाओं सहित भाजपा सरकार सरकारी की योजनाओं का पूरा लाभ हर नागरिक और दूसरे समुदायों की तरह बिना किसी भेदभाव के भारत के हर कोने में बसे मुसलमानों को भी मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी का स्वागत करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 140 करोड़ रुपए जनता का नेतृत्व करते हैं। संतोषजनक बात यह है कि उनके नेतृत्व पर अल्पसंख्यक समाज भरोसा रखता है और प्रधानमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत के विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में बगैर भेदभाव के काम किया है। मोदी का नारा है सबका साथ

### ■ आवास योजना और आयुष्मान योजनाओं का लाभ भारत के हर कोने में बसे मुसलमानों को भी मिला

सबका विकास और सबका विश्वास। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद 55 वर्षों तक भारत की जनता को केवल नारे देकर सत्ता पर काबिज रही, कांग्रेस की तरह भाजपा ने केवल नारे देकर काम नहीं चलाया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ देश और समाज की दशा और दिशा बदलने में अहम योगदान देने का काम किया है। यही कारण है कि देश में शिक्षा,चिकित्सा,सुरक्षा,खेल,नवाचार, विकास, आदिवासी क्षेत्र और अल्प संख्यक,परिवहन सेवा पर विशेष फोकस कर देश की तस्वीर बदली और विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ाने का काम किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज दुनियाभर में 40 प्रतिशत यूपीआई से पेमेंट भारत में हो रही है। आत्मसम्मान से देश आगे बढ़ रहा है, मगर कांग्रेस के युवराज अभी भी लोगों को भ्रमित करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं।

# अगर देश को जुमलों बाजो से बचाना है तो भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा : विक्रमादित्य



**शिमला,** 16 (देशबन्धु)। मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से पूछा है कि वह बताएं कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में मण्डी के लिये क्या कुछ नया किया। उन्होंने कहा कि जयराम मण्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक हवाई अड्डे के निर्माण के सपने लोगों को दिखाते रहें जो पूरा नही हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीरभद्र सिंह ने मण्डी में आईआईटी, मेडिकल कॉलेज की सौगात दी। उन्होंने कहा है कि अगर देश को जुमलों बाजो से बचाना है तो भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर कोई बात नही करती। आज बंजार व मनाली विधानसभा क्षेत्र के गड़ासा,कराडसू व नगर में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में देव संस्कृति के सरंक्षण में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर बड़ी बड़ी बातें तो करती है पर उस पर अमल नही करती। उन्होंने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दर किनार करते हुए एक ऐसे उम्मीदवार को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसें न तो धर्म का ही कोई ज्ञान है और न ही प्रदेश की संस्कृति की कोई जानकारी। उन्होंने कहा कि गो माता के भक्षक कभी भी देव संस्कृति के लिये स्वीकार्य नहीं हैं। विक्रमादित्य सिंह ने लोगों का आह्वान किया कि वह प्रदेश के विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित है।

## अब पीओके से उठ रही है भारत में शामिल होने की मांग : ठाकुर

**मण्डी।** हिमाचल प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भी कह रहे हैं कि उन्हें भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे क्षमतावान और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है। वह भारत में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि अनुच्छेद 370 के समाप्त किए जाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाल हो गई है। जिस घाटी में ख़ौफ़ का साया था, जो



घाटियाँ वीरान पड़ी थी आज उसमें सुकून पाने के लिए देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं। विकास के लिए दशकों से उपेक्षित रहे कश्मीर में दस साल में विकास की ऐसी बयार बही कि कश्मीर की पहचान ही बदल गई। यह सब देश-प्रदेश के लोगों के वोट की वजह से ही संभव हुआ। इसी तरह के बदलाव और विकास को गति देने के लिए मोदी बहुत ज़रूरी हैं। पूर्व मख्यमंत्री ने सिराज विधान सभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न जनसभाओं में कहा कि आप सबका काम है श्री मोदी को मज़बूती देना। बाक़ी देश और प्रदेश के विकास की गारंटी नरेन्द्र मोदी ख़ुद हैं। उनका तीसरा कार्यकाल विकास की दृष्टि से और भी ऐतिहासिक होगा। श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में पीओके के लिए भारतीय जनता पार्टी की क्या प्रतिबद्धता है, उसे हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है। उससे ज़्यादा उन विषय पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि देश और दुनिया के लोग जानते हैं कि जो श्री मोदी जो कहते हैं वह ज़रूर करते हैं।

# द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू

## भगवान श्री मदमहेश्वर की विग्रह देवडोली मंदिर गर्भगृह से सभामंडप में विराजमान हुई

**उखीमठ,** 16 मई (देशबन्धु)। द्वितीय केदार भगवान श्री मदमहेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी है। इस यात्रा वर्ष श्री मदमहेश्वर त्रके कपाट 20 मई को शुभ मुहुर्त पूर्वाह्न 11.15 दर्शनार्थ खुल जायेंगे। श्री

### ■ 20 मई को खुलेंगे श्री मदमहेश्वर धाम के कपाट

बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिरसमिति( बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर मदमहेश्वर मंदिर के कपाट खुलने की तैयारियों पूरी की जा रही है। मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने देवडोली यात्रा के लिए आदेश जारी किये हैं ताकि देव डोली यात्रा का संचालन समुचित ढ़ग से हो सके। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत आज श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ धाम के रावल 1008 श्री भीमाशंकर लिंग ने पूजा-अर्चना संपन्न की। हवन यज्ञ पश्चात उन्होंने श्री मदमहेश्वर की विग्रह डोली को सभा मंडप में



विराजमान किया स्थानीय डगवाड़ी गांव के लोगों तथा श्रद्धालुओं ने श्री मदमहेश्वर जी को छावड़ी अर्थात नये अनाज का भोग चढाया तथा न्याय के देवता श्री मदमहेश्वर की देवडोली पर फूलों की वर्षा की। अपने संदेश में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने सभी श्रद्धालुओं को शुकामनाएं दी है। शुक्रवार को भी भगवान श्री मदमहेश्वर जी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दी स्थल ओकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ मंदिर सभामंडप में ही दर्शनार्थ विराजमान रहेगी। आज इस अवसर पर मदमहेश्वर धाम के पुजारी टी गंगाधर लिंग,देवरा प्रभारी यदुवीर पुष्पवान, डोली प्रभारी मनीश तिवारी, पुजारी बागेश लिंग, ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी रमेश नेगी, दीपक पंवार,दफेदार विदेश शैव, मुकुंदी पंवार,सूरज नेगी सहित पंचगौंडारी, उनियारा व रांसी के हकहकूकधारी तीर्थपुरोहित तथा श्रद्धालुजन मौजूद रहे। शुक्रवार17 मई को भी पूजा- अर्चना एवं नये छावड़ी- अनाज का भोग लगाकर सर्वकल्याण की कामना की जायेगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ बताया कि 18 मई प्रातरू को भगवान मदमहेश्वर जी की चल विग्रह डोली तथा देव निशान शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओकारेश्वर मन्दिर से श्री राकेश्वरी मंदिर रांसी रात्रि विश्राम को पहुंचेगे। 19 मई को श्री राकेश्वरी मंदिर रांसी से प्रवास हेतु दूसरे पड़ाव गोंडार गांव पहुंचेगी। 20 मई सुबह श्री मदमहेश्वर जी की चल विग्रह डोली गोंडार से श्री मदमहेश्वर धाम पहुंचेगी तथा पूर्वाह्न शुभ लग्न में सवा ग्यारह बजे श्री मदमहेश्वर जी के कपाट खुलेंगे।

## भाजपा खेल रही हिन्दू-मस्लिम : राज बब्बर

**गुरुग्राम,** 16 मई (देशबन्धु)। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी मेवात क्षेत्र में हिन्दू-मस्लिम कार्ड खेलकर वोट बटोरने का प्रयास कर रही है लेकिन इस क्षेत्र के दोनों ही समुदाय के जागरुक मतदाता भाजपा के इस प्रयास को कामयाब नहीं होने देंगे। पुन्हाना विधासभा क्षेत्र के सिकरावा, रसूलपुर, गुलालता, रायपुर, राहिड़ा, बीसरु, सिंगार, बिछौर, नई, तिरवाड़ा, हथन गांव, नहेदा, खेड़ा, जमालगढ़, लुहिंगा, गंगवानी, अकबरपुर, चैखा, तेड़ एवं पिनगवां आदि गांवों व कस्बों के तूफानी दौरे में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि भाजपा सरकार में हो रही मेवात की उपेक्षा किसी से छुपी नहीं है। हरियाणा में आर्थिक रूप से पिछड़े इस इलाके के विकास की सरकार के पास कोई योजना नहीं है। बब्बर ने कहा कि मेवात में हर घर में बेरोज़गारी पसरी हुई है। यहां का युवा रोज़गार के लिए धक्के खा रहा है। यहां का युवा जब भी रोज़गार की मांग करता है तो



उसे रेलवे लाइन और औद्योगिक विकास का झुनझुना थमा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र का किसान, व्यापारी, युवा एवं महिला वर्ग मौजूदा भाजपा सरकार के झूठ से पूरी तरह परेशान है। राज बब्बर ने कहा कि मेवात का युवा न तो भाजपा सरकार के झांसे में आने वाला है और न ही भाजपा के सांप्रदायिक कार्ड से गुमराह होने वाला है। उन्होंने भरोसा दिया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने पर मेवात के विकास और यहां के युवकों को रोज़गार उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

# आग की चपेट में आने से बुजुर्ग की जलकर मौत

अमरनाथ तिवारी

**रुड़की,** 16 मई (देशबन्धु)। जनपद हरिद्वार के रुड़की में एक मकान में आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी

### ■ दमकल विभाग आग लगने के कारण की जांच में जुटा

गई। हालांकि, दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। लेकिन आग की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गी। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। गुरुवार के दिन फायर यूनिट कंट्रोल रूम रुड़की को सूचना मिली कि गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी तहसील स्थित लाला वाली गली में एक मकान में भयंकर आग लग गई है। सूचना के आधार पर



घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए 2 फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो एक मकान में आग लगी थी। जिसे स्थानीय व्यक्तियों ने उपलब्ध संसाधनों से बुझा लिया गया था। हालांकि, घर में लगी इस आग की चपेट में एक बुजुर्ग निसार अहमद पुत्र सद्दीक की आग से झुलसकर मौत हो गई। इस दौरान गंगनहर कोतवाली का पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। मकान में लगी आग से घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया।

## शॉर्ट सर्किट से ज्वैलर्स की दुकान में लगी आग

**रूड़की।** लक्सर क्षेत्र में गुरूवार सुबह एक ज्वैलर्स की दुकान में आग लग गई। इस अग्निकांड में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि दुकान में लगी आग से जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लक्सर के बाजार में स्थित वर्मा ज्वैलर्स की दुकान में अचानक धुआं निकलता देखा गया। आनन फानन में दुकान मालिक पवन कुमार वर्मा को फोन पर सूचना दी गई कि आपकी दुकान से धुआं निकल रहा है। यह सुनते ही दुकान मालिक तुरंत दुकान पर पहुंचे। उन्होंने भी देखा कि दुकान के अंदर आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आसपास के लोग भी दुकान में आग लगी देख मौके पर इकट्ठा हो गए। पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। मगर तब तक दुकान में रखा फर्नीचर जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि समय से लोगों ने आग को देख लिया। इससे आसपास की दुकानें आग की चपेट में आने से बच गई और एक बड़ा नुकसान होते-होते बच गया। आग से ज्वैलर्स की दुकान में काफी नुकसान हुआ है। प्रथम दृष्टिया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा

## भीषण आग से लाखों का नुकसान

**देहरादून।** गुरूवार सुबह डोईवाला स्थित भारत ट्रेडर्स और डेकोर्स की दुकान में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है। इस अग्निकांड में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकान के मकान मालिक अशरफ अली ने बताया कि वे रोज की भांति शाम को दुकान को बंद करके घर चले गए थे। सुबह उन्हें सूचना मिली कि दुकान में आग लगी है। वे तत्काल दुकान पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुकान में लाखों का सामान रखा हुआ था जो जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि अगर समय रहते आग पर काबू न पाया जाता, तो यह आग आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लेती। लेकिन समय रहते स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिससे आसपास की दुकानों तक आग फैलने से बच गई। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# प्रादेशिकी

## प्रपोजल स्वीकार करने से इनकार किया तो भाई की हत्या की

**मेरठ,** 16 मई (देशबन्धु)। आठ साल के बच्चे बंसीराम की हत्या एक तरफा प्यार में हुई है। आरोपी बच्चे की बहन से एक तरफा प्यार करता था, करीब तीन महीने पहले आरोपी ने उसकी बहन से अपने प्यार का इजहार किया तो बहन ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया था। जिससे आरोपी नाराज था। तभी से आरोपी बच्चे की बहन की अपहरण और उसकी हत्या की धमकी दे रहा था। वहीं बच्चे के परिवार वालों का कहना है कि अगर पुलिस आरोपी पर सख्त कार्रवाई करती तो शायद मृतक की जान बच सकती थी। निर्दोष सिंह निवासी शिवम कुंज थाना टीपी नगर निवासी है। निर्दोष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका आठ साल का बेटा बंसी मंगलवार से लापता है।

# दो साल में बाबा विश्वनाथ के दरबार में 139 देश के भक्तों ने लगाई हाजिरी

- नव्य-भव्य धाम के विस्तारित होने के बाद बाबा के दरबार में कई देशों के भक्तों की संख्या बढ़ी
- काशी को इतिहास से भी प्राचीन लिविंग सिटी का है दर्जा प्राप्त



**लखनऊ/ वाराणसी,** 16 मई (देशबन्धु)। काशी हमेशा से विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। धर्म, अध्यात्म और संस्कृति को जानने की जिज्ञासा विदेशी पर्यटकों को सात समुद्र पार से काशी खींच लाती है। नव्य भव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के विस्तारित होने के बाद धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के देशों के भक्तों की संख्या बढ़ गई है। बाबा के दरबार में 139 देशों के भक्तों ने पिछले दो सालो में हाजरी लगाई है। काशी को इतिहास से भी प्राचीन लिविंग सिटी का दर्जा प्राप्त है। सुप्रसिद्ध यूरोपियन लेखक और साहित्यकार मार्क ट्वेन ने काशी की कथाओं और आध्यात्मिक परंपरा पर मंत्रमुग्ध हो कर लिखा है, बनारस इतिहास से भी पुराना है, परंपरा से भी पुराना है, किंवदंतियों से भी पुराना है और इन सभी को जोड़कर तुलना करें तो इनकी संयुक्त आयु से भी दोगुना पुराना होने की प्रतीति देता है। धरोहरों और विरासत को सदियों से संजो के रखने वाली काशी ने विशिष्ट संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखा है। विदेशी सैलानियों को काशी का यही कौतूहल खींच कर लाता है। विदेशी सैलानियों में एक बड़ी संख्या में सैलानी श्रीकाशी विश्वनाथ जी के दर्शन करने भी आते हैं।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 25 महीनों में बाबा के दरबार में 139 देशों के भक्तों ने हाजिरी लगाई है। तंत्र, शाक्त, क्रिया योग, जैन, अघोरपंथ के बड़े आश्रमों एवं साधना स्थलों पर सीधे पहुंचने वाले इन विद्याओं के विदेशी साधक भी इस आंकड़े में सम्मिलित नहीं हैं। काशी की दुनिया से अच्छी कनेक्टिविटी, सुरक्षा, मूल-भूत ढांचा में सुधार से बढ़ी सुविधाओं ने काशी में पर्यटकों का रुझान और बढ़ा दिया है। विदेशी सैलानी काशी के मंदिरों, धरोहर और संस्कृति को देखने ही नहीं आते बल्कि काशी को जीने भी आते हैं। विदेशी पर्यटक हिंदी, संस्कृत, संगीत और मंत्रो को सीखने के लिए काशी में कई दिनों तक रहते भी हैं।

### 2019 के मुकाबले 2023 में सैलानियों की संख्या चार गुना बढ़ी

वहीं यदि संख्यात्मक आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2023 में केवल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में ही चार गुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अनेक गैर सनातन मतावलंबी काशी आते हैं, परंतु मंदिर में दर्शन नहीं करने जाते। अत: श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सीईओ द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में ऐसे सैलानियों की गिनती इस संख्या में सम्मिलित नहीं है। इसी प्रकार बड़ी संख्या में सारनाथ होते हुए बौद्ध परिपथ के विदेशी पर्यटक भी इस संख्या में सम्मिलित नहीं हैं।

## अलीगंज विस के दो बूथों पर पुनर्मतदान के लिए सौंपा पत्र

**फर्रुखाबाद,** 16 मई (देशबन्धु)। गुरुवारको समाजवादी पार्टी 40 लोकसभा फर्रुखाबाद के प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ कार्यालय जिलाधिकारी फर्रुखाबाद पर रिटर्निंग ऑफिसर के नाम 13 मई को संपन्न हुए चुनाव के दौरान 103 अलीगंज विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 349 कदरागंज एवं बूथ संख्या 359 मंगदपुर पर पुन: मतदान कराए जाने के संबंध में साक्ष्य और प्रमाण सहित एक पत्र दिया। इस पत्र में कहा गया की अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या 349 कद्रागंज पर भाजपा के गुंडो ने जो की एक विशेष समाज से ताल्लुक रखते हैं के गांव ग्राम नगला भग्गू जो की शाक्य बाहुल्य समाजवादी पार्टी समर्थित गांव था उस बूथ पर पोलिंग एजेंट नहीं बनने दिया एवं जब सुबह दो व्यक्ति वोट डालने गए तो उनको लाठी डंडों से मारकर मकई के खेत में छुपे हुए अवैध शस्त्र धारी गुंडो ने फायरिंग चालू कर दी, जिससे उक्त बूथ पर समाजवादी मतदाता इतने भयभीत हो गए कि उन्हें समझाने के बावजूद वह वोट डालने की हिम्मत नहीं जुटा सके।



इस दौरान जिलाधिकारी एटा, पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा, चीफ इलेक्शन ऑब्जर्वर फर्रुखाबाद को नयागांव थाना पर शिकायत की तब उक्त अधिकारियों के आदेश पर एडीएम एटा को जब प्रत्याशी के साथ स्वयं भेजा तो एडीएम एटा ने तीनों गांव के लोगों से अनुरोध किया।

# अमेठी में राहुल व अखिलेश यादव करेंगे सामूहिक जनसभा

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 16 मई (देशबन्धु)। अमेठी के नंदमहर में शुक्रवार को राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सामूहिक जनसभा होगी। इसके लिए कांग्रेस और समाजवादी मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि अमेठी में कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा को एतिहासिक जीत दिलाने के लिए राहुल गांधी और अखिलेश यादव सामूहिक जनसभा करेंगे।

अमेठी में मुस्लिम और यादव वोटरों की संख्या जीत-हार का फैसला तय करती है। जिससे राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सामूहिक जनसभा निर्णायक मानी जा रही है। अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भाजपा से तीसरी बार उम्मीदवार बनी है। स्मृति ईरानी 2014 का पहला चुनाव हार गई थी। लेकिन पांच साल अमेठी में डटी हुई थी। जिससे 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराकर सांसद चुनी गई थी। अमेठी गांधी परिवार की सियासी विरासत है। लेकिन इस चुनाव में गांधी परिवार खुद मैदान में नहीं है। गांधी परिवार की परंपरागत सीट पर सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए हैं। लेकिन इनके चुनाव प्रचार की कमान प्रियंका गांधी संभाल रखा है। जिससे अमेठी का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी हो गया है। स्मृति ईरानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पांच साल के विकास के नाम पर वोट मांगने निकली हुई हैं। जबकि किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार और अपने 43 साल की सेवा के नाम पर वोट मांग रहे हैं।



■ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

स्मृति ईरानी के समर्थन में दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आदि बड़े बड़े दिग्गज आ चुके हैं। लेकिन किशोरी लाल शर्मा की तरफ से प्रियंका गांधी अकेले चुनाव प्रचार में जुटी है। कांग्रेस पार्टी के बड़े बड़े दिग्गज विभिन्न प्रदेशों से अमेठी आ रहें हैं।

## सार संक्षेप

### नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**मेरठ।** एसटीएफने फर्जी फाइनेंस कंपनी बनाकर लोगों को ठगने वाले गिरोह के 9 लोगों को पकड़ा है। एसटीएफटीम बुधवार को इन लोगों को अरेस्ट कर लाई। मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र से टीम ने सूचना पर इस गिरोह को पकड़ा है। जो भोलेभाले लोगों को नौकरी लगवाने और लोन पास कराने का झांसा देकर रकम ऐंठते थे। पकड़े गए 9 आरोपियों के पास एटीएफको फर्जी लोन ऑफर लेटर, फर्जी अपाइंटमेंट लेटर, लोन के डॉक्यूमेंट्स, फॉर्म्स, आधार कार्ड, रजिस्टर डाटा और कंप्यूटर सिस्टम बरामद हुआ है। पकड़े गए सभी आरोपी मेरठ के ही रहने वाले हैं। इनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### गन्ने पर चोटी बेधक कीट का भयंकर प्रकोप

**मवाना।** मवाना शुगर मिल के क्षेत्र में गन्ना फसल पर इस समय चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट का भयंकर प्रकोप देखने में आ रहा है। यह दावा उत्तर- प्रदेश गन्ना शोध परिषद्, शाहजहांपुर के पूर्व वैज्ञानिक डा.मैनेजर सिंह ने चीनी मिल के क्षेत्र में अनेक देहात क्षेत्रों में कृषकों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल पर लगे कीट को देखने के बाद किया है। मवाना मिल के क्षेत्र में करीब 55 हजार से ज्यादा कृषक गन्ने की फसल पैदा करते है। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल लगभग 48700 हेक्टेयर गन्ना बोया गया था। इस साल भी मामूली बढ़ोतरी के साथ गन्ना रकबा बढ़ने की संभावना है। पूर्व वैज्ञानिक डा.मैनेजर सिंह ने एक सप्ताह से हस्तिनापुर, आसमाबाद, परीक्षितगढ़, छोटा मवाना, पिलोना, बहसूमा, इंचौली एवं मिल गेट क्षेत्र के ग्राम बाजमपुर, किशोरपुर, आसमाबाद, अगवानुपर, रामनगर, पूठी, निलोहा, बना, फलावदा, तिगरी, समसपुर, बहसूमा, साधारणपुर, इंचौली, मीवा, कूड़ी कमालपुर, रानी नंगला, बिराना, सांधन, अटोरा, ततीना, ढिकौली, छोटा मवाना, नगली ईस्सा के किसानों के गन्ने की फसल को खेतों पर जाकर देखा है। उनके साथ मवाना मिल के गन्ना विभाग के अनेक अफसर और कर्मचारी भी साथ रहे।

### पाकिस्तानी कर रहे भारत की तारीफ : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान में भारत की तारीफ की जा रही है मगर यहां कुछ लोग झूठ बोल कर अपनी राजनीति को परवान चढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अपने संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की संसद में एक संसद सदस्य ने भारत की तारीफ करते हुए कहा है कि आज भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है जबकि वह हमारे बारे में अच्छी बात सोचता नहीं है। यह मोदी की गारंटी ही है, जो उसने मान लिया है कि भारत विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं यहां पर कुछ राजनीतिक पार्टियां अपने निजी स्वार्थ के लिए पाकिस्तान का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी झूठ बोलकर राजनीति नहीं करती है। हम एक सार्थक और जनहित की राजनीति करते हैं।

### सूचना

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210440514 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया है।

**-दुर्गेश पुत्र सलेकचंद बक्सर मवाना रोड मेरठ।**

## कैडेट्स को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई

**मवाना,**16 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कालेज, मवाना के परिसर में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, यातायात सुरक्षा व अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने बताया कि कैडेट्स की एल्फा कम्पनी को मिशिका सोसायटी के उपसचिवध्मुख्य यातायात प्रशिक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में हेड कान्सटेबल नमित मलिक व कान्स्टेबल दीपिका (ट्रैफिक एन्जल) द्वारा यातायात सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया और सभी कैडेट्स को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। ब्रेवा कम्पनी को लीडिंग फायरमैन प्रेमपाल सिहं के निर्देशन में फायरमैन विरेन्द्र कुमार व फायरमैन सचिन राणा ने फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया। चार्ली कम्पनी की ओर से ड्रिल व डेल्टा कम्पनी ने फायरिंग का प्रशिक्षण दिया। मिशिका सोसायटी के उपसचिव सुनील कुमार शर्मा व लीडिंग फायरमैन प्रेमपाल सिहं को कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मित्तल एवं डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कर्नल शरद पाठक ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समस्त प्रशिक्षण गतिविधियों के सुचारू संचालन में सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार की अहम भूमिका रही।



# औद्योगिक क्षेत्रों व प्रतिष्ठानों को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति : ईशा



■ औद्योगिक फीडरों की मानिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**मेरठ,** 16 मई (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में ऊर्जा में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 14 जिलों के महाप्रबन्धक, जिला औद्योगिक केंद्र यूपी सीडा एवं इन्ड्रस्ट्री एसियोसेशन पदाधिकारियों, मुख्य अभियन्ता (वितरण) तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों को गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पॉलिसी के अन्तर्गत औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत अपूर्ति सुनिश्चित कराना डिस्कॉम की प्राथमिकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक विद्युत कनेक्शन निर्गत किए जाएं

प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि अधिकारी झटपट एवं निवेश मित्र योजना के अन्तर्गत बिना किसी परेशानी के समयबद्ध विद्युत कनेक्शन देना सुनिश्चित करें उन्होनें निर्देश दिए कि सभी जिलों, ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर अधिक से अधिक विद्युत कनेक्शन निर्गत किए जाएं एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होनें निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्रों के फीडरों पर, आवश्यकता होने पर ही शट डाउन लिया जाए और इसकी आगामी सूचना जनप्रतिनिधियों तथा लोकल मीडिया के माध्यम से उपभोक्ताओं को देना सुनिश्चित किया जाए।

## ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मेरठ,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होने वहां साफ-सफाई, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जल निगम के अधिशासी अभियंता को दिया नोटिस

**मवाना,**16 मई (देशबन्धु)। जल निगम विभाग ने पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए मवाना शहर की ज्यादातर सड़कों को खोदकर डाल दिया। जहां पाइप लाइन बिछे कई माह हो गये, वहां भी सड़क उधड़ी पड़ी है। अब ये सड़कें व गलियां दुर्घटना का कारण बन रही हैं। दो पहिया वाहन स्वामियों को इससे बड़ी परेशानी हो रही है। नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक औश्र पालिका के अधिशासी अधिकारी ने गुरुवार को जल निगम निर्माण खंड के अधिशासी अभियन्ता को नोटिस जारी किया। नोटिस में उन्होंने पूरे नगर की सड़कें उखड़ी पड़ी होने पर गहरी नाराजगी जताई है। अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) योजना के तहत शहरी क्षेत्र के हर घर को नल यानी पानी कनेक्शन देने की तैयारियां हैं। इस योजना के तहत मवाना नगर को पांच जोन में बांटा गया है।



पहले जोन में ढिकौली कालोनी के प्राइमरी स्कूल में दो हजार किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक व टयूबवेल, जोन दो में मवाना नगर में ढिकौली गेट के पास नगर पालिका की भूमि पर ओवरहेड टैंक व टयूबवेल, जोन तीन में नगर पालिका आवास परिसर में बनी पुराने ओवरहेड टैंक की मरम्मत व अन्य कार्य होने हैं। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश जल निगम के अफसरों के अनुसार इसी योजना में पांचों ओवरहेड टैंकों को भरपूर मात्रा में पानी की उपलब्धता कराने को 15 नए नलकूप बनाने की योजना है।

## वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मवाना,**16 मई (देशबन्धु)। कोतलवाली पुलिस ने दो दिन पूर्व नगर में हुए विवाद, फायरिंग और हत्या के प्रयास में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने गुरूवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। बता दे कि नगर की मौहल्ला हीरालाल कालोनी निवासी शंकर पुत्र प्रमोद का पूर्व नगर के युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मंगलवार की रात विवाद ने तूल पकड़ने के बाद हुए नोकझोंक में एक युवक को गोली मार दी थी। परिजनो ने आनन-फानन में युवक को सीएचसी भर्ती कर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर नगर निवासी युवका को नामजद करते है जान से मारने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया। आरोपी बिल्लू उर्फ शाहनजर पुत्र इफ्तकार मुखबिर की सूचना पर तहसील के पीछे देशी ठेके के पास से घटना में गिरफ्तार किया।



# जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

- रोगियों व उनके परिजनों के साथ आयोजित की गई गोष्ठी
- जनपद के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**मेरठ,** 16 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में प्यारे लाल शर्मा जिला चिकित्सालय मेरठ की ओपीडी में आने वाले रोगियो व उनके परिजनो के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी में डा. अशोक तालियान, संयुक्त निदेशक, मेरठ मंडल मेरठ, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्य प्रकाश, जिला मलेरिया अधिकारी एवं ईएमबीईडी परियोजना मेरठ से हितेश ने प्रतिभाग किया।

उक्त के अतिरिक्त डफरिन, जिला महिला चिकित्सालय, मेरठ में भी जिला मलेरिया अधिकारी व सहायक मलेरिया अधिकारी द्वारा स्टाफसदस्यो एवं ओपीडी में आने वाले रोगियो व उनके परिजनो को जागरूक किया गया। तदोपरांत डा. भीमराव अम्बेडकर कन्या इंटर कालेज मेरठ में भी जिला मलेरिया अधिकारी मेरठ व उनकी टीम द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक व छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होने जनसामान्य को जागरूक करते हुये बताया कि डेंगू से बचाव व रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय निम्न प्रकार है- घर में गैर पीने योग्य साफ पानी जैसे-कूलर, फ्रीज, एसी, गमलों की ट्रे आदि में जल जमा न होने दें, डेंगू उच्च संचरण काल माह जुलाई से माह नवम्बर तक पूरी आस्तीन के कपडे पहने, ज्वर आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराए व चिकित्सक के सुझाव पर दवा लें।

**आयोजन** सच्ची सहेली व एसबीआई फाउंडेशन ने किया पीरियड फेस्ट का आयोजन

# 15 सौ छात्र-छात्राओं व सौ शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**मेरठ,** 16 मई (देशबन्धु)। पिछले वर्ष आयोजित किए गए पीरियड फेस्ट की शानदार सफलता के बाद, सच्ची सहेली ने मेरठ शहर में एक बार फिर मेरठ प्रशासन और एसबीआई फाउंडेशन की मदद से पीरियड फेस्ट यानी महावारी मेला का आयोजन किया। सच्ची सहेली दिल्ली से काम कर रही एक संस्था है जो कि 10 सालों से काम कर रही है। यह महावारी मेला एसबीआई फाउंडेशन से अनुदानित रहा साथ ही मेरठ प्रशासन के सहयोग से यह मेला आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम तेजगढ़ी सर्किल से पैड यात्रा के साथ शुरू हुआ। यह एक तरह की रैली थी जिसमें लगभग 1500 छात्र-छात्राओं और 100 शिक्षकों ने भाग लिया। जहां सच्ची सहेली की टीम और सभी प्रतिभागी सड़क पर नारे लगाते हुए सभी को यह संदेश दे रहे थे कि महावारी पर छुप-छुप कर बात करने की बजाए हम खुल कर बात करेंगे। सभी जोर-शोर से हम बोलेंगे मुंह खोलेंगे, तभी जमाना बदलेगा' जैसे नारे लगाते हुए चले। इस पैड यात्रा का उद्देश्य था मासिक धर्म के परिप्रेक्ष्य में नकारात्मकता व भ्रांतियों को तोड़ना, साथ ही यह बताना है कि मासिक धर्म सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है कोई शर्म की बात नहीं है। 28 मई को अंतराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है, और सच्ची सहेली इसी उपलक्ष में मेरठ प्रशासन और सरकारी स्कूलों के छात्र- छात्राओं और शिक्षकों के साथ इसे बड़ी धूम से 16 मई को मनाती हुई नजर आई। इस ब ा र रुच्मतपवकथ्तपमदकसलॅव तसक के थीम के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण यह था कि सिर्फ छात्राओं ने ही नहीं छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मेरठ को पीरियड फ्रेंडली बनाने का आगाज किया। पैड यात्रा के बाद पीरियड फेस्ट की गतिविधियां चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित की गयीं, जहां विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मासिक स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता अभ्यासों को बढ़ावा दिया गया। इस महावारी मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए कई तरह की स्टॉल्स भी लगाई गई थी, जिसमें बच्चों ने बहुत हर्ष उल्लास के साथ भाग लिया। बच्चों के लिए विशेष फन जोन बनाया गया जहां पर बच्चों ने खेल के माध्यम से महावारी से जुडी भ्रतियों को तोड़ा। साथ ही पैड जोन और सच्ची सहेली की स्टाल पर माहवारी और किशोरावस्था से संबंधित जानकारियां दी गई। इस कार्यक्रम में विभोर ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति दी साथ ही स्कूल के बच्चों ने अपनी कला के प्रदर्शन से समा बाँध दिया। सच्ची सहेली एनजीओ की संस्थापक डॉक्टर सुरभि सिंह ने बच्चों के मन से महावारी को लेकर शर्म और डर को हटाने के लिए प्रेरणा भी दी साथ ही कहा कि पीरियड के भूत को हटाओ और अब पता चलने दो। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने सच्ची सहेली के इस कदम की सराहना की।



■ सच्ची सहेली की टीम ने सड़कों पर उतरकर किया जागरूक

## पंचायत मित्र की मार्ग दुर्घटना में मौत

**फर्रुखाबाद,** 16 मई (देशबन्धु)। बाइक से आ रहा पंचायत मित्र मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए निजी वाहन से लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया जहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सक से मृत घोषित कर दिया। जनपद कन्नौज के जलालपुर पनवारा के ग्राम रतनापुर निवासी 37 वर्षीय जगविजय उर्फ रिंकू पाल पुत्र जगदीश पाल गांव में पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत था।

गुरुवार को वह अपाचे बाइक से मोहम्मदाबाद गया था। उसी दौरान थाना जहानगंज के ग्राम बहोरिकपुर तिराहे पर तेज रफ्तार कंटेनर नें उसको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जगविजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन से लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां ईएमओ डा. अभिषेक चतुर्वेदी नें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी करिश्मा, मां सुदामा आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के साले अनिल कुमार नें बताया कि मृतक के 12 वर्षीय पुत्र मयंक, 9 वर्षीय जानवी, 6 वर्षीय पुत्री श्रद्धा, 4 वर्षीय पुत्र अयंक है। मृतक 5 बहनों में अकेला भाई था।

# कोडरमा में होगी त्रिकोणीय जंग

**गिरिडीह,** 16 मई (एजेंसियां)। झारखंड के कोडरमा संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय जंग देखने को मिलेगी। कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्नपूर्णा देवी के सामने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के बिनोद सिंह और निर्दलीय जय प्रकाश बर्मा ताल ठोक रहे है। कोडरमा लोक सभा का गठन 1977 में हुआ था, तब से हुए चुनाव में 1977 में भारतीय लोक दल के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा, वर्ष 1980 में जनता पार्टी के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा ने जीत हासिल की।

वर्ष 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिलकधारी प्रसाद सिंह, वर्ष 1989 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1991 में जनता दल से मुमताज अंसारी, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा चुनाव जीते थे। कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार रीतलाल प्रसाद वर्मा चुनाव जीते। उसके बाद यहां बदलाव शुरू हुआ। वर्ष 1999 में कांग्रेस के तिलकधारी प्रसाद सिंह चुनाव जीते। इसके बाद बाबूलाल मराण्डी का दौर शुरू हुआ। श्री मरांडी ने वर्ष 2004 में भारतीय जनता पार्टी से जीत की। श्री मरांडी इसके बाद भाजपा से अलग हो गये और सांसद से इस्तीफा दे दिया। वर्ष 2006 उपचुनाव में श्री मरांडी ने निर्दलीय और वर्ष 2009 में अपनी पार्टी झारखण्ड विकास मोर्चा से जीत हासिल की। वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी से रवींद्र राय और वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती अन्नपूर्णा देवी चुनाव जीती थी।

कोडरमा लोक सभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट से जीतने वाली अन्नपूर्णा देवी है, वही सबसे अधिक वोट



■ कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा-माले के बिनोद सिंह और निर्दलीय जय प्रकाश बर्मा ताल ठोक रहे

से हारने वाले में बाबूलाल मरांडी हैं। बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीन बार जीतने का कीर्तिमान भी बनाया है।कोडरमा संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2019 के चुनाव में अन्नपूर्णा देवी 753016 ,वहीं बाबूलाल मरांडी को 297416 वोट मिले थे। प्रतिशत के हिसाब से देंखे तो अन्न पूर्णा देवी मो 63 प्रतिशत जबकि मरांडी को 26 प्रतिशत वोट मिले थे। जीत का अंतर लगभग 38 प्रतिशत था। वर्ष 2024 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी भाजपा में शामिल होकर प्रदेश अध्यक्ष बनकर प्रचार कर अन्नपूर्णा देवी को जीताने का प्रयास कर रहे है। कोडरमा क्षेत्र में प्रचार तेज है। 14 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरनी के पेशम में अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में प्रचार कर कोडरमा क्षेत्र की हवा को बदल दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लिए भी यह सीट प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। पहले वह चुनाव जीतते थे, अब इन्हें अन्नपूर्णा देवी को जिताना है। कोडरमा संसदीय क्षेत्र में लड़ाई त्रिकोणीय हो गयी है। अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा माले के बिनोद सिंह और निर्दलीय जय प्रकाश बर्मा ताल ठोक रहे है,भाकपा माले के विनोद सिंह बगोदर के विधायक है, जबकि जय प्रकाश वर्मा गांडेय के पूर्व विधायक हैं। इस संसदीय क्षेत्र के तीनों प्रत्याशी का राजनीतिक इतिहास रहा है। अन्नपूर्णा देवी स्व. रमेश यादव की पत्नी है, जो कोडरमा से विधायक और विहार सरकार में मंत्री थे। अन्नपूर्णा देवी भी कई बार विधायक और मंत्री रही है। विनोद सिंह के पिता स्व महेंद्र प्रसाद सिंह बगोदर से तीन बार विधायक थे। विनोद सिंह भी बगोदर से तीन बार विधायक रह चुके है अभी भी वे बगोदर के विधायक है। वही जय प्रकाश वर्मा, स्व रीतलाल प्रसाद के भतीजा हैं।

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को 22 05318 मतदाता 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 2552 मतदान केंद्रों पर करेंगे कोडरमा संसदीय क्षेत्र में छह विधान सभा है, जिसमे धनवार बगोदर जमुआ गांडेय गिरिडीह जिला में आता है, जबकि कोडरमा विधान सभा क्षेत्र कोडरमा में और बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र हजारीबाग जिले में आता है। कोडरमा क्षेत्र में 1140049 पुरुष, 1065246 महिला 23 अन्य मतदाता हैं अन्नपूर्णा देवी, विनोद सिंह और जयप्रकास वर्मा प्रचार में ब्यस्त हैं। किसकी जीत होगी यह 20 मई को मतदाता तय करेंगे।

# पांचवां चरण, भाजपा के लिए नहीं होगा आसान, दांव पर साख!

**भाजपा के सामने चुनौती हैं, जिसने पिछले चुनाव में 49 में से 32 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम रखा था**

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पाचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। इसमें उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट सहित आठ राज्यों की 49 सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। लेकिन असली चुनौती भाजपा के सामने हैं,जिसने पिछले चुनाव में 49 में से 32 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम रखा था। जबकि कांग्रेस का इन 8 राज्य में से 7 में खाता भी नहीं खुला था। केवल उत्तरप्रदेश में पह रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी। इसके अलावा जदयू 1,लोजपा 1, शिवसेना 7, बीजद 1, नेशनल कांफ्रेंस 1 और टीएमसी 4 सीटों को जितने में कामयाब रही थी। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का 41 सीटों का कब्जा था। लेकिन 2024 आते-आते हालात काफी बदल गए हैं। इस बार महाराष्ट में पाचवें चरण की 13 लोकसभा सीटो पर मुकाबला एनडीए के लिए बेहद कठिन हैं। पिछली बार 13 में से 6 सीटें भाजपा और 7 शिवसेना के पास थी। लेकिन इस बार शिवसेना दो फाड हो चुकी है और उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना इंडिया गठबंधन में हैं। जिसके चलते गठबंधन कई सीटो पर



■ उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों की 49 सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा

भारी पडता नजर आ रहा हैं पाचवें चरण में उत्तरप्रदेश की बात करें तो सूबे की 14 लोकसभा सीटो पर चुनाव होना है। इनमें लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी, रायबरेली, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, कौशांबी, फतेहपुर, गोंडा, कैसरगंज, बाराबंकी और फैजाबाद की सीट शामिल हैं। पिछली बार भाजपा इन 14 सीटो पर 13 पर जीत हासिल की थीं। महज एक रायबरेली की सीट कांग्रेस के कब्जे में आई थी। लेकिन इस बार इन 13 सीटों को बचाना भाजपा के लिए आसान नहीं है। इसमें से आधा दर्जन से ज्यादा सीटों पर इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस और सपा ने भाजपा के सामने मुश्किल चुनौती खड़ी कर दी है। पाचवें चरण में बिहार की 5 और झारखंड की 3 सीटो पर मतदान है। 2019 में एनडीए ने इन सभी सीटो पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार लडाई कांटे है, बाजी किसी ओर भी जा सकती है। हालांकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में हालात कमोवेश पहले जैसे ही हैं। बंगाल में पिछली बार इस चरण की 7 सीटो में से 4 टीएमसी के पास थी, जबकि भाजपा के पास 3 सीट थी। वहीं ओडिशा की 5 सीटों में से 4 पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार त्रिकोणात्मक मुकाबले में सीटे घट सकती हैं।

# तेज हुई जुबानी जंग, तेजस्वी यादव ने सम्राट चौधरी और चिराग पासवान को निशाने पर लिया

**पटना,** 16 मई (देशबन्धु)। बिहार के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और चिराग पासवान को निशाने पर लिया है। सम्राट चौधरी पर हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनको रोजगार तो हम लोगों ने दिया है। मंत्री, एमएलए बनाया, वो लोग नेगेटिव लोग हैं, हम लोग पॉजिटिव लोग हैं। हम लोगों को नौकरी देते हैं और वो लोग नौकरी छीनते हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग हमारे खिलाफ इसलिए बोलते हैं ताकि भाजपा में इनकी पूछ हो। सवालिए लहजे में उन्होंने कहा कि अगर ये लोग हम लोगों के खिलाफ नहीं बोलेंगे तो भाजपा में उनको कोई नहीं पूछेगा। अगर लालू



यादव और तेजस्वी यादव को गाली नहीं दें तो उन लोगों का कैसे काम चलेगा? अगर इन बेचारे लोगों को हमारे लोगों को गाली देकर, लालू यादव को गाली दे कर कहीं सम्मान मिल रहा है तो अच्छी बात है, हमें खुशी है। वहीं, चिराग पासवान को लेकर तेजस्वी ने कहा कि वह जब से राजनीति में आए हैं, तब से भाजपा और आरएसएस के साथ रहे हैं, उनके रंग में मिल गए हैं। लेकिन, उनको याद करना चाहिए कि जब रामविलास पासवान की पार्टी के पास एक भी विधायक नहीं था, तब हम लोगों ने उनको राज्यसभा सदस्य बनाया। उनसे पूछना चाहिए कि 10 साल में 100 दिन भी बिहार आए हैं क्या ? जमुई के सांसद रहे लेकिन वहां पार्टी का कार्यालय नहीं खोल पाए। उन्होंने कहा कि पासवान समाज प्रबुद्ध समाज है। वह सामाजिक न्याय में विश्वास रखता है, इसलिए हमें वोट कर रहे हैं। इससे चिराग पासवान परेशान हैं। भाजपा नेताओं की रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वो लोग आते रहेंगे। रात-रात भर भाजपा नेताओं का रुकना हो रहा है, अच्छी बात है। बिहार में भाजपा उम्मीद लगाकर बैठी हुई है। बिहार में उन्हें 10 सालों में बहुत कुछ दिया, अब बिहार के लोगों की लेने की बारी है।

# वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एमएलसी दलबदल के लिए अयोग्य घोषित

**अमरावती,** 16 मई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश विधान परिषद के सभापति ने गुरुवार को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एमएलसी जंगा कृष्ण मूर्ति को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। अध्यक्ष कोये मोशेनु राजू ने एक अधिसूचना जारी कर मूर्ति को अयोग्य घोषित कर दिया। मूर्ति ने पिछले महीने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रति वफादारी बदल ली थी। परिषद अध्यक्ष की यह कार्रवाई विधानसभा और लोकसभा के लिए एक साथ हुए चुनाव के तीन दिन बाद आई है। मूर्ति ने टिकट से इनकार किए जाने के बाद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा दे दिया था। दो बार विधायक रह चुके मूर्ति 6 अप्रैल को सत्तेनपल्ली में एक सार्वजनिक सभा में टीडीपी में शामिल हुए थे। वह 1999 और 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पालनाडु जिले के गुरजाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। बाद में वह वाईएसआरसीपी में चले गए।

# ओडिशा में दूसरे चरण के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 99 उम्मीदवारों पर हैं आपराधिक मामले

**भुवनेश्वर,** 16 मई (एजेंसियां)। ओडिशा में 35 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे कुल 265 उम्मीदवारों में से 87 और पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे कुल 40 उम्मीदवारों में से 12 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले लंबित होने की घोषणा की है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के सहयोग से ओडिशा इलेक्शन वॉच ने पांच लोकसभा और 35 विधानसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के केस रिकॉर्ड का विश्लेषण करने के बाद एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य की इन 35 विधानसभा सीटों और पांच लोकसभा सीटों पर आगामी 20 मई को मतदान होगा। रिपोर्ट के अनुसार पांच लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे कुल 12 उम्मीदवारों में से लगभग 30 प्रतिशत ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एक लोकसभा उम्मीदवार ने कहा है कि उन पर हत्या से संबंधित आपराधिक मामले हैं जबकि चार



पर हत्या के प्रयास के मामले हैं। चार उम्मीदवारों ने महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। लोकसभा उम्मीदवारों में इस मामले में भाजपा के सबसे ज्यादा चार उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जबकि बीजू जनता दल और कांग्रेस के एक-एक उम्मीदवार ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। भाजपा और कांग्रेस के एक-एक नेता ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। राज्य में दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव लड़ रहे दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसी तरह, 20 मई को 35 विधानसभा सीटों पर होने वाले मतदान में से 87 उम्मीदवारों, लगभग 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। उनमें से कम से कम 70 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले लंबित होने की घोषणा की है। जहां 16 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास के आपराधिक मामले हैं, वहीं ग्यारह उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले हैं। पार्टी के हिसाब से भाजपा के सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, इसके बाद कांग्रेस (17), बीजद (8) और एपीपी (2) का नंबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे चरण में मतदान करने वाली 35 विधानसभा सीटों में से 14 को रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां तीन से अधिक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं।

# केंद्र में इंडिया गठजोड़ की सरकार बनने पर एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाएगा: चन्नी

**जालंधर/ शाहकोट,** 16 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिये जालंधर से कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गुरुवार को कहा कि केन्द्र में इंडिया गठजोड़ की सरकार बनने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी) पर गारंटी क़ानून लागू किया जायेगा। श्री चन्नी ने कहा कि भाजपा ने किसानों के साथ अन्याय किया है, तथा किसानों को उनका हक नहीं दिया गया, जिसके कारण किसान आज भी सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन दौरान भाजपा ने किसानों पर अत्याचार किया है, तथा इस आंदोलन में साढ़े सात सौ से भी ज़्यादा किसान शहीद हुये पर इसके बावजूद भी केंद्र सरकार ने किसानों की मांगे नहीं मांगी। उन्होंने कहा



कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की समस्याओं से अवगत हैं तथा उन्होंने ज़मीनी स्तर पर जाकर किसानों तथा आम वर्ग के लोगों की समस्याओं को समझा है। श्री चन्नी ने कहा कि जालंधर में सियासी सरपरस्ती में नशा बहुत बड़े स्तर पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के समय किसानों को फसलों के नुकसान का 17 हज़ार रूपये प्रति एकड़ मुआवज़ा दिया गया था, पर आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों को नुक़सान का कोई मुआवज़ा नहीं दिया। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने सवा दो साल में किसी पंचायत को एक रुपया तक भी विकास कार्य के लिये नहीं दिया, जिसके कारण जहां सड़कों का बुरा हाल है, वहीं पंजाब का विकास ठप होकर रह गया है।

# देश में महंगाई चरम पर, महिलाएं हो रही परेशान : प्रियंका गांधी

**रायबरेली,** 16 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमने 10 साल में जो किया, वो काम कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई। जबकि, सच्चाई यह है कि देश में महंगाई चरम पर है, महिलाएं परेशान हैं। खेती महंगी हो गई, किसान आवारा पशु से परेशान है। देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, युवा परेशान हैं। पुरानी पेंशन नहीं मिलने से सरकारी कर्मचारी भी परेशान हैं। जीवन में तरक्की नहीं हुई, सिर्फ लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी माता जी आपकी सांसद रहीं। आज मेरे भाई आपके प्रत्याशी हैं। आपने खुद देखा है कि बीते 20 वर्षों में यहां कई विकास के काम हुए। हमारा और आपका रिश्ता सिर्फ राजनीतिक नहीं रहा, बल्कि प्रेम-आदर का रहा है। रायबरेली की जनता की राजनीतिक चेतना हमेशा मजबूत रही है, जिसके चलते यहां नेता जनता के प्रति सदैव जवाबदेह रहे। उन्होंने कहा कि लोग गौमाता की बात करते हैं, लेकिन, यहां के गौशालाओं में गाय के लिए चारा-पानी और छप्पर तक नहीं है। गाय धूप में लेटी रहती है, चारा-पानी न होने से उनकी मौत हो जाती है। छत्तीसगढ़ में भी आवारा पशु की समस्या थी। हमने सरकार में रहते हुए महिलाओं को गौशालाओं में रोजगार दिया। सरकार ने गोबर खरीदी प्रक्रिया शुरू की, जिससे आवारा पशुओं की समस्या हल हो गई। भाजपा सरकार बड़े लोगों का कर्ज माफ कर देती है, लेकिन, एक गरीब किसान 50 हजार का कर्ज नहीं चुका पाता है, उसे खुदकुशी करनी पड़ती है।



### मतदाताओं को डरा रही है भाजपा: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण से पहले मतदाताओं को डरा रहे हैं। सरेनी इलाके में कांग्रेस प्रत्याशी और भाई राहुल गांधी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, 'भाजपा उम्मीदवार लोगों को डरा-धमका कर वोट मांग रहे हैं कि वह लोगों की जमीन हड़प लेंगे।'

## *रायबरेली में सोनिया और प्रियंका राहुल के लिए मांगेंगी वोट*



***रायबरेली।*** *कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिये वोट की अपील करेंगे। पार्टी सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार शाम तीन बजे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधंन की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रायना इंटर नेशनल स्कूल में रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से सम्बोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के अलावा कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। इससे पहले श्री गांधी दोपहर पौने एक बजे अमेठी में नंद महर धाम में दर्शन करेंगे और बाद में जामो ब्लाक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ अमेठी लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।*

# खेल के मैदान, सिनेमाहाल से डिजिटल मंच तक जारी है मतदाता जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दौरान आपसे आप के फोन पर वोट डालने की अपील करते हुए प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी सचित तेंदुलकर की आवाज सुनायी दे जाए तो चौंकने की जरूरत नहीं। आयोग इस समय खेल के मैदान से लेकर सिनेमा हाल तक मतदाताओं को वोट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को प्रेरित और प्रोत्साहित करने में लगा है। इस अभियान में उसे प्रसिद्ध हस्तियों और सरकारी प्रतिष्ठानों से लेकर निजी क्षेत्र की कंपनियों और डिजिटल ऐप आदि का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। चुनाव आयोग ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सचिन को नेशनल आइकन बना कर उन्हें इस अभियान में जोड़ा है। आयोग इन चुनावों में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए इस तरह के तमाम प्रयास कर रहा है। लोक सभा चुनावों में अब तक चार चरणों में 543 में से 379 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो चुका है। आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में अब तक कराए गए मतदान में लगभग 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ था और लगभग 45.1 करोड़ लोगों ने मतदान किए। आयोग के अधिकारियों के अनुसार बाकी तीन चरणों के मतदान के लिए भी आयोग अपने इन प्रयासों में कोई कोताही नहीं बरत रहा है प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच कायम करने के लिए अपने लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान वाले राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता सूचना पर्चियां वितरित करने और सम्पर्क कार्यक्रमों को बढ़ाने का निर्देश दिया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने अधिकारियों से कहा है कि लोगों की साझेदारी और सहयोग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अनिवार्य स्तंभ हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताई है कि आयोग के अनुरोध पर, विभिन्न संस्थान, प्रभावशाली व्यक्ति और महत्वपूर्ण पहुंच रखने वाली मशहूर हस्तियां मतदाता जागरूकता की उसकी पहल में कंधे से कंधा मिलाकर उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे लोकतंत्र के उत्सव में जरूरत भाग लें और मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस कोई छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि लोकतंत्र के गौरव का दिन होता है।

आयोग की पहल पर भारत संचार निगम लिमिटेड, भारती एयरटेल लिमिटेड, जियो टेलीकम्युनिकेशन, वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड जैसे दूरसंचार सेवा प्रदाता मोबाइल उपयोगकर्ताओं को पुश एसएमएस/फ्लैश एसएमएस, आउटबाउंड डायलिंग कॉल, आरसीएस (रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज) मैसेजिंग और व्हाट्सएप संदेश/अलर्ट के माध्यम से संबंधित संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता से सम्पर्क कर रहे हैं। इन पहलों के तहत मतदान से दो/तीन दिन पहले और यहां तक कि मतदान के दिन भी क्षेत्रीय भाषाओं में वोट देने की अपील के साथ की जाती हैं। इस समय आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान मतदाता जागरूकता के लिए स्टेडियमों में मतदाता जागरूकता संदेश और गाने बजाए जा रहे हैं। इस अभियान का सबसे नवीन पहलू आईपीएल के विभिन्न स्थानों पर पूर्व-रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा मतदाताओं को संकल्प दिलाना है। आयोग के अनुसार इसके साथ-साथ मतदाता जागरूकता संदेशों को क्रिकेट कमेंट्री में शामिल किया गया है। दस आईपीएल टीमों के क्रिकेटरों ने अपने रिकॉर्ड किए गए मतदाता जागरूकता संदेशों के साथ मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**जालंधर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत आज यहां इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियो को वोट डालने के महत्व और बुजुर्गों तथा अन्य को मतदान केन्द्र पर ले जाने में मदद करने के लिये जागरूक किया गया। ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजेश बाली ने बताया कि इस जागरूकता प्रोग्राम का मकसद नौजवान वोटरों को अपनी लोकतंत्र की मजबूती के लिये अपना वोट डालने के महत्व के साथ ही उन लोगों की मदद भी करना है, जो खुद पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालने में असमर्थ हैं। इस मौके पर चुनाव से सम्बन्धित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवायी गयी। इस प्रतियोगिता में दिया खन्ना द्वारा लिखित स्लोगन 'इलेक्शन ब्रीद-डेमोक्रेसी लिवस' प्रथम स्थान पर, दिशा गुप्ता का स्लोगन 'यूअर वोट इस यूअर वाइस, डू नॉट लेट ईट बी साइलेंस्ड' द्वित्य स्थान पर, मुस्कान वेद के स्लोगन 'हक जताओ बटन दबाओ' ने तीसरा और गरिमा बहल द्वारा लिखित स्लोगन 'पॉवर इस इन यूअर फिंगर, डोंट मिस वोटिंग' ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जालौन प्रशासन की अनूठी पहल

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने गुरूवार को अनोखी पहल की। जिला प्रशासन ने मतदाताओं के लिए आमंत्रण पत्र छपवाया है, जिसमें मतदाताओं से वोट डालने का आग्रह किया गया है। लिखा है, भेज रहे हैं नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 20 मई को मूल न जाना वोट डालने आने को।, छपवाए गए आमंत्रण पत्र में यह भी लिखा है कि प्रिय मतदाता, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा चुनाव के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने के लिए आप निम्नांकित स्वागतकर्ता में बूथ लेवल अधिकारी और निवेदक जिला निर्वाचन अधिकारी हैं।

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.05 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.66 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.53 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.26 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.16 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.15 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.04 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.78 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## महिला बेरोजगारी दर में आई गिरावट : एनएसओ

- मार्च तिमाही में महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 प्रतिशत रह गई
- पिछले साल समान अवधि में 9.2 प्रतिशत थी



**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। देश में जनवरी से मार्च की अवधि के बीच महिला बेरोजगारी दर में बड़ी गिरावट हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफस) से यह जानकारी मिली। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में बताया गया कि 2024 की मार्च तिमाही में महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 प्रतिशत रह गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 9.2 प्रतिशत थी। इसके अलावा जनवरी से मार्च के बीच कुल बेरोजगारी दर में भी कमी देखने को मिली है। यह घटकर 6.7 प्रतिशत पर रह गई है, जो पहले 6.8 प्रतिशत थी।

जनवरी से मार्च 2024 के बीच श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 50.2 प्रतिशत हो गई है, जो कि पिछले वर्ष 48.5 प्रतिशत थी। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2024 की मार्च तिमाही में बढ़कर 25.6 प्रतिशत हो गई है। पिछले साल मार्च तिमाही में यह 22.7 प्रतिशत थी। शहरी इलाकों में महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात भी 2024 की मार्च तिमाही में बढ़कर 23.4 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 20.6 प्रतिशत था। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की ओर से महिलाओं की संख्या श्रम भागीदारी में बढ़ाने को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। मोदी सरकार द्वारा 2017 में मातृत्व छुट्टी के फायदे को 12 हफ्ते से बढ़ाकर 26 हफ्ते कर दिया गया। वहीं, बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं के लिए मातृत्व छुट्टी 12 हफ्तों की कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय कहा था कि इस कदम के जरिए सरकार की कोशिश है कि शिशु को जन्म के बाद एक अच्छी देखभाल मिले। 50 से ज्यादा कर्मचारी वाली संस्थाओं के लिए शिशुगृह बनाना अनिवार्य कर दिया गया। साथ ही वर्क फ्रॉम होम का भी प्रावधान सरकार द्वारा किया गया। सरकार ने नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं को ध्यान में रखते हुए भी नियमों में बदलाव किया है।

## अंबुजा कंपनी ने 16 टायर वाले ट्रकों का मालभाड़ा एक रुपए घटाया

- कंपनी ने सिंगल एक्सल वाहनों के लिए दरें तय कर दी
- ट्रक मालिकों ने इस निर्णय को मानने से किया इनकार

**सोलन।** अंबुजा सीमेंट कंपनी और ट्रक ऑपरेटरों का विवाद फिर से गहरा सकता है। कंपनी ने सिंगल एक्सल वाहनों के लिए दरें तय कर दी हैं। 16 टायर वाले ट्रकों के किराए में प्रति किलोमीटर एक रुपए कम करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। कंपनी ने ट्रक ऑपरेटरों को मेल कर यह जानकारी दी है। कंपनी की ओर जारी फरमान में यह भी कहा गया है कि अगर कंपनी द्वारा निर्धारित किया गया रेट ट्रक ऑपरेटर्स को मान्य नहीं है, तो कंपनी की ओर से 16 पहिया वाले ट्रक को चलाने के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी। वहीं 16 टायर ट्राला (ट्रक) मालिकों ने इस निर्णय को मानने के लिए इन्कार कर दिया है। कंपनी की ओर जारी फरमान में यह भी कहा गया है कि अगर कंपनी द्वारा निर्धारित किया गया रेट ट्रक ऑपरेट्र्स को मान्य नहीं है, तो कंपनी की ओर से 16 पहिया वाले ट्रक को चलाने के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी। कंपनी के प्रस्ताव के मुताबिक 16 टायर वाले ट्रकों का किराया एक रुपए प्रति किलोमीटर कम किया जाएगा जोकि 9.30 से घटकर 8.30 रुपए हो जाएगा। कंपनी की ओर जारी फरमान में यह भी कहा गया है कि अगर निर्धारित रेट ट्रक ऑपरेटर्स को मान्य नहीं है तो 16 पहिया वाले ट्रकों को चलाने के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी।

## सेमीकंडक्टर हब बनने वाला है भारत : अश्विनी वैष्णव



बहुत कम समय में 4 यूनिट शुरू करने की तैयारी है। जिसका अभी कंस्ट्रक्शन चल रहा है : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। मुंबई के एनएसई ऑडिटोरियम बांद्रा कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'विकसित भारत एंबेसडर' कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, फिल्म मेकर सुभाष घई, अभिनेता शेखर सुमन समेत कई हस्तियां शामिल हुईं। अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1962 में सेमीकंडक्टर के लिए सबसे पहला प्रयास शुरू हुआ। इसके बाद से सरकारें आती-जाती रही। फिर, साल 2011 में इसे आगे बढ़ाने को लेकर प्रयास किया गया। आखिरकार पीएम मोदी ने क्लियर विजन के साथ 1 जनवरी 2022 में पॉलिसी बनाई और इस पर काम शुरू हुआ। बहुत कम समय में 4 यूनिट शुरू करने की तैयारी है। जिसका अभी कंस्ट्रक्शन चल रहा है और आने वाले समय में दुनिया की कोई भी बड़ी कंपनी की कार, बड़ी टेलीकॉम कंपनी और मोबाइल फोन के चिप्स मेड इन इंडिया के तहत तैयार होगी और दुनिया के हर हिस्से में जाएगी।

उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चिप्स की बात आती है तो आलू याद आ जाता है। कोई है जो बोलते हैं कि एक तरफ से आलू डालो, दूसरी तरफ से सोना निकलेगा।

कार्यक्रम में शामिल हुए सुभाष घई ने कहा कि सभी लोग चाहते हैं कि हमारा देश भारत विकसित हो। भारत सपनों से भरा है और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है। विकसित भारत के लिए पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में हर क्षेत्र में काम किया है। नरेश ओझा ने बताया कि भारत का विकास आज हर क्षेत्र में हो रहा है। रेलवे, सड़कें, एविएशन मिनिस्ट्री के अंदर आज ऐसी कोई चीज नहीं है, जहां हम अधूरे हैं। मुंबई के लोगों को आज से 10 साल पहले यह नहीं पता था कि सी-लिंक के अलावा कोई और भी रोड बनेगा।

## इलेक्ट्रिक्स ईवी ने की फ्यूचरइलेक्ट्रा के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक वाहन ईवी उद्योग में शीर्ष 10 कंपनियों में से एक, लेक्ट्रिक्स ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र की दूरदर्शी कंपनी फ्यूचरइलेक्ट्रा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि यह गठबंधन भारत की गतिशीलता के स्थायी और सुलभ भविष्य की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



फ्यूचरइलेक्ट्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र को सभी लोगों और व्यवसायों के लिए समावेशी और अनुकूलित बनाकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, फ्यूचरइलेक्ट्रा का लक्ष्य अधिक पर्यावरण अनुकूल अधिक कुशल भविष्य में योगदान देते हुए इलेक्ट्रिक परिवहन में बदलाव को तेज गति से आगे बढ़ाना है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, एसएआर ग्रुप की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकाई, अपने अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए प्रसिद्ध लेक्ट्रिक्स ईवी, एक वर्ष के दौरान फ्यूचरइलेक्ट्रा को अपने अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की 2500 इकाइयों की आपूर्ति करेगी। ये वाहन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की पहुंच का विस्तार करने और लोगों और व्यवसायों को टिकाऊ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने के फ्यूचरइलेक्ट्रा के मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एएसओएस के प्रोडक्ट भारत में बेचेगा रिलायंस रिटेल

- एएसओएस युवा फैशन-प्रेमियों के बीच है खासा लोकप्रिय
- कंपनी के प्रोडक्ट 200 से अधिक बाजारों में उपलब्ध




**नई दिल्ली**, 16 मई (एजेंसियां)। ब्रिटेन की मशहूर ऑनलाइन फैशन कंपनी एएसओएस के प्रोडक्ट भारत में बेचने के लिए रिलायंस रिटेल ने एक दीर्घकालीन साझेदारी की है।

लाइसेंसिंग समझौते के तहत, रिलायंस रिटेल भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर एएसओएस के प्रोडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराएगा। एएसओएस दुनिया भर के युवा फैशन-प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय है। कंपनी के प्रोडक्ट 200 से अधिक बाजारों में उपलब्ध हैं।

साझेदारी पर खुशी जाहिर करते हुए रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि हम अपने फैशन परिवार में एएसओएस का स्वागत करते हैं, वैश्विक फैशन रुझानों को भारत के बाजारों तक लाने के हमारे समर्पण में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी भारत के प्रमुख खुदरा बाजारों में हमारी मजबूत स्थिति को दिखाती है, साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि हमारे ग्राहकों की पहुंच अत्याधुनिक फैशन तक हो, वो फैशन जो वे चाहते हैं।

एएसओएस के सीईओ जोस एंटोनियो रामोस ने कहा कि रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर, हम भारत में ग्राहकों के लिए अपने कुछ फैशन-आधारित ब्रांड लाने के लिए उत्साहित हैं - जिसमें एएसओएस डिज़ाइन भी शामिल है, जो इस पूरी दुनिया में सबसे बड़े ब्रिटिश फैशन ब्रांडों में से एक है। रिलायंस रिटेल, आरआईएल (रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड) समूह के तहत सभी खुदरा कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है।

## चौतरफा लिवाली की बदौलत बाजार ने लगाई छलांग

- सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत उछलकर 73,663.72 अंक पर
- निफ्टी 0.92 प्रतिशत मजबूत होकर 22,403.85 पर बंद




**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की एक बार फिर उम्मीद बढ़ने से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 676.69 अंक अर्थात 0.93 प्रतिशत उछलकर 73,663.72 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत मजबूत होकर 22,403.85 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 1.07 प्रतिशत की उड़ान भरकर 42,342.68 अंक और स्मॉलकैप 0.85 प्रतिशत चढ़कर 46,939.92 अक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3952 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2125 में लिवाली जबकि 1706 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में तेजी जबकि 12 में गिरावट रही।

बीएसई में यूटिलिटीज समूह की 0.03 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.80, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 0.86, हेल्थकेयर 0.70, इंडस्ट्रियल्स 1.99, आईटी 1.55, दूरसंचार 0.99, ऑटो 0.51, बैंकिंग 0.61, कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.90, रियल्टी 1.59, टेक 1.66 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत चढ़ गए।

एशियाई बाजारों में तेजी रही। इस दौरान जापान का निक्केई 1.39, हांगकांग का हैंगसेंग 1.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.08 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28 और जर्मनी का डैक्स 0.24 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 351 अंक की तेजी के साथ 73,338.24 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर बाद 72,529.97 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,749.47 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,987.03 अंक की तुलना में 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 73,663.72 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी 119 अंक उछलकर 22,319.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,054.55 अंक के निचले जबकि 22,432.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,200.55 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत चढ़कर 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.05, टेक महिंद्रा 2.66, भारती एयरटेल 2.53, इंफोसिस 2.26, टाइटन 2.17, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79, एचडीएफसी बैंक 1.48, एलटी 1.45, विप्रो 1.36, एक्सिस बैंक 1.11, एचसीएल टेक 1.08, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.91, रिलायंस 0.67, टाटा स्टील 0.18, एनटीपीसी 0.01 और नेस्ले इंडिया 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 2.16, टाटा मोटर्स 1.15, एसबीआई 1.04, पावरग्रिड 0.78 और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.56 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद में फोनपे को मिली जीत

**नई दिल्ली**, 16 मई (एजेंसियां)। 'फोनपे' ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मेसर्स अनिकेत फूड्स के खिलाफ फोनपे के पक्ष में आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल, 2024 को फोनपे के पक्ष में आदेश जारी करते हुए मेसर्स अनिकेत फूड्स (इसके एजेंटों, उत्तराधिकारियों, स्टॉकिस्टों, वितरकों, डीलरों या इसके माध्यम से या इसके तहत दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति) को माल विनिर्माण और बिक्री के लिए ट्रेडमार्क का उपयोग करने से रोक दिया था। न्यायालय ने अनिकेत फूड्स के परिसर का दौरा करने और ट्रेडमार्क का उल्लंघन कर बनाए गए सामानों व उपलब्ध स्टॉक की जानकारी लेने के लिए एक विशेष अधिकारी को भी नियुक्त किया।

उक्त विशेष अधिकारी ने 19 अप्रैल को परिसर को दौरा किया और बड़ी मात्रा में 'फोनपे' ट्रेडमार्क उल्लंघन वाले उत्पाद/सामग्री पाई। इसके बाद, मेसर्स अनिकेत फूड्स ने न्यायालय के बाहर समझौते के लिए फोनपे से संपर्क किया और उसके अधिकारों को स्वीकार किया व अपनी अवैध व उल्लंघनकारी गतिविधियों को रोकने की बात कही। समझौते के तहत मेसर्स अनिकेत फूड्स ने बिना शर्त स्वीकार किया कि ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999, कॉपीराइट अधिनियम, 1957 और सामान्य कानून सहित सभी उचित कानूनों के तहत फोनपे उक्त ट्रेडमार्क 'फोनपे' का सच्चा और वैध मालिक है, और उक्त ट्रेडमार्क विशेष रूप से फोनपे से संबद्ध है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**, 16 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य



तेलों में टिकाव जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चावल सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 50 रिंगिट गिरकर 3822 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की गिरावट लेकर 43.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## 92 प्रतिशत भारतीय नॉलेज वर्कर्स वर्कप्लेस पर करते हैं एआई का इस्तेमाल

- एआई ने लोगों के काम करने के तरीके को किया प्रभावित
- भारत का वर्कफोर्स एआई को लेकर है बहुत आशावादी




**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां) भारत का वर्कफोर्स एआई को लेकर बहुत आशावादी है क्योंकि देश में 92 फीसदी नॉलेज वर्कर्स अपने वर्कप्लेस पर एआई का इस्तेमाल करते हैं, जबकि दुनिया भर में इसका औसत 75 प्रतिशत है। माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन ने आज वर्कप्लेस पर एआई के इस्तेमाल की स्थिति पर 2024 वर्क ट्रेंड इंडेक्स के भारत से संबंधित निष्कर्ष जारी किए हैं। इसमें यह बताया गया है कि कैसे सिर्फ एक साल में एआई ने लोगों के काम करने, लीड करने और काम पर नियुक्त करने के तरीके को प्रभावित किया है। यह रिपोर्ट कार्यस्थल में एआई को लाने के लिए कर्मचारियों की मजबूत इच्छा, कॅरियर ग्रोथ के लिए इसके द्वारा पेश किए जाने वाले अवसरों और भविष्य के काम में एआई पावर यूजर्स के भूमिका पर प्रकाश डालती है।

चौथे वर्क ट्रेंड इंडेक्स के लिए माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन ने पहली बार साझेदारी की है जिससे कि एआई कैसे काम को आकार दे रहा है, इस पर व्यापक जानकारी हासिल की जा सके। इस रिपोर्ट के नतीजे 31 देशों में 31,000 लोगों के बीच किए गए सर्वेक्षण, लिंक्डइन पर लेबर और नियुक्ति के रुझान, खरबों माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोडक्टिविटी सिग्नल्स और फॉर्च्यून 500 ग्राहकों के बीच किए गए शोध पर आधारित हैं। यह रिपोर्ट आने वाले वर्षों में वर्क, टैलेंट और नियुक्तियों पर एआई के प्रभाव के बारे में प्रत्येक बिजनेस लीडर और प्रोफेशनल को जानने के लिए जरूरी तीन बातों पर प्रकाश डालती है। कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई चाहते हैं और वे इस पर कंपनियों के आगे बढ़ने का इंतजार नहीं करेंगे। भारत का वर्कफोर्स एआई को लेकर बहुत आशावादी है। भारत में 92 फीसदी नॉलेज वर्कर्स अपने वर्कप्लेस पर एआई का इस्तेमाल करते हैं, जबकि दुनिया भर में इसका औसत 75 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि वर्कफोर्स समय बचाने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और ध्यान केंद्रित करने के लिए एआई पर विश्वास करता है। भारत में 91 प्रतिशत बिजनेस लीडर्स का भी मानना है कि उनकी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एआई को अपनाने की जरूरत है।

### सार संक्षेप

#### एचएएल को चौथी तिमाही में हुआ बंपर मुनाफा

**मुंबई।** रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 4,308 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। पिछले साल समान अवधि में ये 2,831 करोड़ रुपए था। जनवरी से लेकर मार्च की अवधि में कंपनी के मुनाफे में 52 प्रतिशत का रिकॉर्ड उछाल देखने को मिला है। मार्च तिमाही में कंपनी की आय सलाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 14,768 करोड़ रुपए हो गई है। यह एक साल पहले समान अवधि में 12,494 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही में कंपनी के ईबीआईटीडीए में 81.8 प्रतिशत की बड़ी तेजी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 5,901 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 3,245 करोड़ रुपए था। मुनाफे में उछाल की वजह कंपनी का मार्जिन में बढ़ोतरी होना है। जनवरी से लेकर मार्च की अवधि में कंपनी का मार्जिन 40 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 26 प्रतिशत पर था।

#### अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन्स ने एस्सार ट्रांस्को में खरीदी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी

**अहमदाबाद।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन्स लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से गुरुवार को ऐलान किया गया कि कंपनी ने 1,900 करोड़ रुपए में एस्सार ट्रांस्को में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इस अधिग्रहण में 400 किलोवाट की 673 सीकेटी किमी (सर्किट किलोमीटर) लंबी अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन लाइन है, जो कि मध्य प्रदेश के महान को छत्तीसगढ़ के सीपत पूलिंग सबस्टेशन को जोड़ती है। मौजूदा समय में ये ट्रांसमिशन लाइन पूरी परिचालन में है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि महान-सीपत ट्रांसमिशन नेटवर्क के अधिग्रहण से कंपनी की स्थिति मध्य भारत में और मजबूत होगी। वर्तमान में इस रीजन में कंपनी के पास 3,373 सीकेटी किमी की संचालित ट्रांसमिशन लाइन है। एस्सार ट्रांस्को का अधिग्रहण एईएसएल की सहयोगी कंपनी अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप टू लिमिटेड (एटीएसटीएल) की ओर से किया गया है।

#### लाइव कंटेंट को लेकर एक्स करेगा बड़े बदलाव : मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने गुरुवार को कहा कि एक्स पर लाइव कंटेंट की पहुंच बढ़ाने और आकर्षक बनाने के लिए जल्द ही नए फीचर्स को लॉन्च किया जाएगा। एक्स के सिक्योरिटी इंजीनियर नाथन मैकग्राडी ने लोगों से पूछा कि लाइव के समय उनके प्लेटफॉर्म पर सबसे खराब चीज क्या है? इसे लेकर एक यूजर्स ने जवाब में लिखा कि खोजने में मुश्किल होना। एक अन्य एक्स यूजर्स ने लिखा कि एल्गोरिदम लाइव को आगे नहीं बढ़ाता है और यहां पर लाइव करने के लिए कोई स्पेशल बटन भी नहीं है। यूजर्स ने आगे लिखा कि आपका लाइव कितना अच्छा प्रदर्शन करेगा, ये केवल आपकी पोस्ट के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

# खेल जगत

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : सैमसन

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा, 'मैं टीम के लिए मैच जीतने जा रहा हूं।'



# जीत के साथ आईपीएल से विदा लेना चाहेंगे मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। क्रिकेट रोचक अनिश्चितताओं का खेल है और इसमें बेशक चमत्कार तो होते हैं, लेकिन रोज रोज नहीं। अपना पिछला मैच दिल्ली कैपिटल्स से 19 रन से हारने सहित लगातार तीन मैच हारने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब मुंबई इंडियंस से मुंबई में शुक्रवार को अपना रिटर्न व अपना 14 वां अंतिम मैच भी जीतने और चमत्कार की आस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में प्ले ऑफ में स्थान पाने

### ■ मुंबई की कोशिश रिटर्न मैच जीत लखनऊ से हिसाब बराबर करने की

की उम्मीद में उतरेगी। लखनऊ सुपर जायंटस यदि मुंबई इंडियंस से शुक्रवार को अपना मैच 100 रन से भी जीतती है तो सात जीत व सात हार के साथ 14 अंक तक पहुंच लीग चरण का जरूर समापन कर सकती है लेकिन बावजूद उसका नेट रन रेट मामूली बेहतर हो -0.351 ही रहेगा। केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंटस ऐसे में मुंबई इंडियंस पर जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स की तरह चमत्कार को छोड़ दें तो प्ले ऑफ की होड़ से लगभग बाहर ही है। 13 मैचों में आठ हार और चार जीत के साथ पहले ही प्ले ऑफ की होड़ से बाहर अंतिम स्थान पर खिसकने वाली मुंबई इंडियंस के पास अपने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खोने को कुछ नहीं हैं और वह ऐसे मे इस रिटर्न मैच में उसकी कोशिश मौजूदा आईपीएल में अपने अभियान का समापन लखनउ सुपर जायंटस को हरा उससे लखनऊ में चार गेंदों के बाकी रहते मिली चार विकेट



से हार का हिसाब चुकाने की होगी। इस मैच में ऑलराउंडर पांडया बंधुओं -मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांडया और लखनऊ सुपर जायंटस के लिए शुक्रवार को खेलने उतरने वाले क्रुणाल पांडया के बीच भी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ सुपर जायंटस के लगातार तीन मैच हारने पर कप्तान केएल राहुल की टीम के सह मालिक संजीव गोयनका के बीच सार्वजनिक रूप से हुई बहस से टीम उखड़ी उखड़ी नजर आ रही है। लखनऊ के तीन- तीन अर्द्धशतक जड़ने वाल कप्तान केएल राहुल (कुल 465 रन), उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डी कॉक (11 मैच, कुल 250 रन), एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़ने वाले मरकस स्टोइनस (कुल 360 रन), दो-दो अर्द्धशतक जड़ने वाले निकोलस पूरन (कुल 424 रन) और आयुष बड़ोनी (कुल 213 रन) की कोशिश सब कुछ भुलाकर मुंबई इंडियंस पर पहले मैच की जीत को दोहरा कर बाकी सब किस्मत छोड़ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की होगी। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा 20 विकेट चटकाने वाले सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के जेराल्ड कोइत्जी (10 मैच,13 विकेट), कप्तान हार्दिक पांडया (11 विकेट) पर निर्भर है। मुंबई इंडियंस कोश लखनऊ सुपर जायंटस से हिसाब चुकाना है तो फिर खासतौर पर बुमराह और हार्दिक पांडया को पारी के शुरू में मेहमान टीम के कप्तान केएल राहुल, क्विंटन को बीच के ओवर में सदाबहार अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (10 मैच, 10 विकेट) को मरकस स्टोइनस और निकोलस पूरन पर लगाम लगानी होगी। खासतौर पर पीयूष ने पूरन और स्टोइनस पर बीच के ओवर में लगाम लगा दी तो फिर लखनऊ सुपर जायंटस बड़ा स्कोर बनाने ही नहीं उसका पीछा करने को भी तरस सकती है। मुंबई इंडियंस के पास खोने को कुछ नहीं है और भारत की रफ्तार की सनसनी बताए जा रहे 22 बरस के मयंक यादव के मुंबई के खिलाफ मैच में चौथे ओवर की एक गेंद फेंकने के बाद पीठ की मांसपेशी में आए खिंचाव के चलते मौजूदा सीजन के अधबीच ही हटने से लखनऊ सुपर जायंटस अपने तेज गेंदबाजी संयोजन को लेकर जूझने के कारण ही राह भटक कर अब प्ले ऑफ से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। ऐसे में एक शतक और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव (कुल345 रन), तीन अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे तिलक वर्मा(कुल 416 रन), एक शतक जड़ने वाले रोहित शर्मा (कुल 349 रन) और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार इशान किशन (कुल306 रन) खुल कर खेल मुंबई इंडियंस को इस रिटर्न मैच में जीत दिला मौजूदा आईपीएल में अपने अभियान का समापन लखनऊ सुपर जायंटस से लखनउ में चार गेंदों के बाकी रहते मिली चार विकेट से हार का हिसाब चुकाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। तेज गेंदबाज नवीन उल हक((9 मैच, 12 विकेट), यश ठाकुर(10 मैच 11 विकेट), बाएं हाथ के मोहसिन खान (9 मैच, 9 विकेट) के साथ बड़े वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (13 मैच, 8 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पांडया( 13 मैच, 5 विकेट) खासतौर पर लखनउ के लिए बीच के ओवर मे कसी गेंदबाजी कर मुंबई इंडियंस सूर्य और तिलक वर्मा को सस्ते में आउट कर एक बार फिर लखनऊ सुपर जायंटस को मेजबान टीम के खिलाफ जीत दिला सकते हैं।

आईपीएल 2024

## मैं एक दिन भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं : प्रिंस

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। नौजवान गोलरक्षक प्रिंस दीप सिंह खुद को इस महीने के आखिर में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के यूरोप दौरे के लिए तैयार करने में जुटे हैं। प्रिस दीप सिंह भारतीय जूनियर टीम के यूरोप दौरे पर विदेशी टीमों के

### ■ प्रिस विदेशी टीमों के खिलाफ मिलने वाले खेलने के मौके को लेकर खास रोमांचित

खिलाफ मिलने वाले खेलने के मौके को लेकर खासे रोमांचित हैं। फुलबैक रोहित की अगुआई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई तक यूरोप के दौरे पर जाएगी और बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। इस यूरोप दौरे पर जाने वाली 24 सदस्यीय जूनियर भातरीय हॉकी टीम में प्रिंस दीप सिंह को बिक्रमजीत सिंह के साथ बतौर गोलरक्षक चुना गया है।

भारत के सरहदी सूबे पंजाब के पठानकोट जिले में साधारण परिवार से आने वाले गोलरक्षक प्रिंस दीप सिंह ने पहले पहल 2016 में हॉकी स्टिक संभाली। गोलरक्षक प्रिंस दीप बताते हैं, फिलहाल मैं भारत के लिए जूनियर स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन कर अपनी टीम के लिए जिस भी टूर्नामेंट में मौका मिले उसमें अपनी टीम को जिताना चाहता हूं। इसके बाद मैं भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए खेलना चाहता हूं। मैं एक दिन भारत के लिए ओलंपिक में हॉकी में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं और यही मेरा सपना है।'' गोलरक्षक प्रिंस दीप सिंह ने 2022 में दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकेडमी नैशनल हॉकी चैंपियनशिप में राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकेडमी की नुमाइंदगी की और इसके बाद ग्वालियर में पंजाब का पांचवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में प्रतिनिधित्व किया जहां उनकी टीम ने कांसा जीता। इसके बाद प्रिंस ने जून 2023 में पंजाब की राउरकेला में 13 वीं हॉकी इंडिया पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में नुमाइंदगी की हालांकि वहां उनकी टीम पांचवें स्थान पर रही लेकिन बतौर गोलरक्षक अपनी छाप छोड़ने के बाद



इस साल बेंगलुरू में जूनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चुने गए 40 खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। गोलरक्षक प्रिंस बेंगलुरू में जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी शिविर के अनुभव की बाबत बताते हैं, इस शिविर में मैंने बहुत कुछ सीखा। देश के श्रेष्ठ जूनियर हॉकी खिलाड़ियों में आप अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। मैंने हर अभ्यास सत्र के साथ अपना खेल बेहतर करने की कोशिश की और हर किसी ने मेरा उत्साह बढ़ाया। प्रिंस कहते हैं, भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का यूरोप दौरा हम सभी खिलाड़ियों को अपना खेल बेहतर करने और यह जानने का मौका मुहैया कराएगा कि हमें अपने खेल को और बुलंदी पर पहुंचाने कि क्या और बेहतर करने की जरूरत है। जब आप विदेशी टीमों के खिलाफ खेलते हैं तो आपको अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होता है।

## विराट और बीसीसीआई ने छेत्री के शानदार कॅरियर की सराहना की

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत के स्टार फुटबॉलर सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपने संन्यास का ऐलान किया है जिसके बाद क्रिकेट स्टार विराट कोहली और बीसीसीआई ने उनके इस फैसले पर अपना रिएक्शन दिया है। सुनील छेत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर 19 साल तक ब्लू टाइगर्स का प्रतिनिधित्व करने के शानदार करियर के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को अलविदा कहने के अपने फैसले की घोषणा की। स्ट्राइकर के इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट करते हुए, विराट कोहली ने लिखा, मेरे भाई (दिल वाले इमोजी के साथ) हमें आप पर गर्व है। 39 वर्षीय स्ट्राइकर देश के अब तक के सबसे बेहतरीन फुटबॉलरों में से एक है। वह देश के उभरते एथलीटों के लिए भी एक प्रेरणादायक व्यक्ति रहे हैं। भारत के लिए 145 मैचों में उन्होंने 94 गोल किए, जो देश के लिए अन्य खिलाड़ियों से सबसे अधिक है। भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया 42 गोल के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। दुनिया भर में एक्टिव फुटबॉल खिलाड़ियों में भारतीय कप्तान तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

# सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

### ■ छेत्री का 6 जून को कुवैत के खिलाफ मैच भारत के लिए होगा आखिरी मैच

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। करिश्माई स्ट्राइकर भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की घोषणा की। भाईचुंग भूटिया को अपना आदर्श मानने वाले और उनकी विरासत को शानदार ढंग से आगे बढ़ाने वाले सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया पर विडियो पोस्ट करते हुए घोषणा की कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप 2026 क्वॉलिफाइंग मैच उनका भारत के लिए आखिरी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। सुनील छेत्री के कुवैत के खिलाफ छह जून के खिलाफ उनके भारत के लिए करीब दो दशक के शानदार करियर का समापन हो जाएगा। भारत फिलहाल ग्रुप ए में शीर्ष पर चल रहे कतर के बाद चार अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है।



### सुनील छेत्री के नाम हैं भारत के सबसे ज्यादा 94 अंतरराष्ट्रीय गोल

भारत के सुनील छेत्री (150 अंतरराष्ट्रीय मैच, 94 गोल) फिलहाल अपने देश के लिए खेल रहे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलरों में सबसे ज्यादा गोल दागने में शीर्ष पर चल रहे पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रॉनाल्डो (205 अंतरराष्ट्रीय मैच, 125 गोल) और दूसरे स्थान पर चल रहे अर्जेंटीना के लियोनल मैसी (180 अंतरराष्ट्रीय मैच ,106 गोल) के बाद तीसरे नंबर हैं। क्रिस्टियानो रॉनाल्डो के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल दागने में ईरान के अली देई (148 अंतरराष्ट्रीय मैच, 108 गोल) दूसरे स्थान पर लेकिन वह अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह चुके हैं।

### भारत के लिए खेलना जिम्मेदारी, दबाव व खुशी का अद्भुत संयोजन

39 बरस के सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने के विडियो संदेश में सुनील छेत्री ने कहा कि मेरे लिए बीते 19 बरस तक भारत के लिए खेलने का अनुभव जिम्मेदारी, दबाव और खुशी का अदभुत संयोजन है। निजी तौर पर मैंने कभी नहीं सोचा मैंने भारत के लिए ये जो मैच खेले, मैंने इनमे यहं अच्छा किया, बुरा किया। अब मैंने पिछले डेढ़ दो महीनों में यह फैसला लिया और जरूर कुछ अजीब सा लगा। मैंने अब ऐसा इसलिए किया क्योंकि मैं यह फैसला लेने जा रहा था कि भारत के लिए अगला मैच मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मैंने भारतीय फुटबॉल टीम के साथ हर ट्रेनिंग सत्र का पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश की। हमारा कुवैत के खिलाफ अगला मैच बहुत दबाव वाला और अहम होगा क्योंकि इसमें हमें अगले दौर के लिए क्वॉलिफाई करने करने के लिए जीत के साथ तीन अंक चाहिए। कुछ अजीब सी बात है कि मुझे दबाव नहीं महसूस नहीं होता कि मेरे लिए भारतीय टीम के साथ ये 15-20 दिन और कुवैत के खिलाफ मैच आखिरी मैच है।

## धोनी 'अगले कुछ साल' और खेल सकते हैं : माइकल हसी

### ■ घुटने की सर्जरी के बाद सीएसके धोनी का कार्यभार कम कर रही

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अगले कुछ वर्षों तक खेलना जारी रख सकते हैं। एमएस धोनी की बढ़ती उम्र और उनकी फिटनेस को ध्यान में रखकर माना जा रहा है कि यह धोनी का आखिरी आईपीएल है। घुटने की सर्जरी के बाद सीएसके धोनी का कार्यभार कम कर रही है। टीम की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके धोनी इस सीजन के बाद क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं।

डेथ ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरने के बावजूद धोनी ने 226.66 की स्ट्राइक रेट और 10 पारियों में 136 रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी है। हसी ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या धोनी अगले साल वापस आएंगे। तो उन्होंने कहा कि आपका अनुमान इस स्तर पर मेरे जितना ही अच्छा है। वह अपने कार्ड अपने सीने के बहुत करीब रखता है। हम



धोनी ने हर पारी में उम्र और उम्मीदों को मात देते हुए बल्ले से अपनी महारत का प्रदर्शन किया : माइकल हसी

उम्मीद कर रहे हैं कि वह ऐसा करता रहेगा। मुझे पता है कि प्रशंसक शायद उसे क्रम में थोड़ा ऊपर बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं।

लेकिन वह घुटने की सर्जरी से गुजरा है इसलिए हमें उसे थोड़ा संभालना पड़ा और वह केवल अंतिम छोर पर आता है। लेकिन अंदर आकर गेंद को इतनी सफाई से हिट करने में एमएस से बेहतर कोई नहीं है। चोट और विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए, धोनी ने हर पारी में उम्र और उम्मीदों को मात देते हुए बल्ले से अपनी महारत का प्रदर्शन किया। वह अभी भी बहुत अच्छी बल्लीबाजी कर रहा है। वह अच्छी तैयारी करता है। वह वास्तव में पूरे सत्र में अच्छी लय में रहा है। मुझे लगता है कि हमें उसे शरीर से नियंत्रित करने की कोशिश करनी होगी पिछले सीज़न के बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई थी, इसलिए वह टूर्नामेंट के शुरुआती चरण से ही इसका प्रबंधन कर रहे हैं। धोनी ने कप्तानी की बागडोर एक युवा प्रतिभा ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी थी, जिसे उन्होंने वर्षों तक निखारा है।

हसी ने उस पल को याद किया जब धोनी ने गायकवाड़ को नया कप्तान घोषित किया था। हसी ने कहा कि एमएस ने एक तरह से घोषणा की थी कि वह टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। और हमने कहा कि ओह, नहीं। क्या हो रहा है? उन्होंने कहा कि ऋतुराज तब से कप्तान बनने जा रहे थे, इसलिए शुरुआत में यह थोड़ा झटका था लेकिन इसे वास्तव में अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। मुझे पता है कि स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच) टूर्नामेंट से पहले ऋतुराज के साथ मिलकर काम कर रहे थे। वास्तव में, वह पिछले कुछ वर्षों से उसे तैयार कर रहे हैं। हम कुछ समय से जानते हैं कि वह जब एमएस ने पद छोड़ने का फैसला किया तो वह यह पद संभालने के लिए सही व्यक्ति थे।

## न्यूयॉर्क का 34 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम टी-20 विश्वकप के लिए तैयार

### ■ मैदान का आउटफ़ील्ड एरिया अमेरिका की लैंडटेक ग्रुप द्वारा तैयार किया गया

**न्यूयार्क,** 16 मई (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क का आइज़नहावर पार्क टी-20 विश्व कप की मेज़बानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। 34 हज़ार लोगों की क्षमता वाले इस स्टेडियम का उद्घाटन आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे तेज़ धावक और विश्व कप के एंबेसडर यूसेन बोल्ट ने किया। आईसीसी विश्व कप से पहले इस मैदान का कुछ टेस्ट लेगा जो 1 जून से वेस्टइंडीज़ और अमेरिका में शुरू होगा। अमेरिका में टूर्नामेंट के न्यूयॉर्क में आठ मैच होने हैं, जिसमें से चार डालास और चार टेक्सास में होने हैं । पहला मैच नासाउ काउंटी स्थित आइज़नहावर पार्क में खेला जाएगा, जिसमें 3 जून को दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका मैच होगा। आइज़नहावर पार्क में 1 जून को वार्मअप मैच भी होगा, जिसमें ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि यह मैच बांग्लादेश बनाम भारत के बीच होगा।

स्टेडियम का उद्घाटन धावक यूसेन बोल्ट ने किया



टूर्नामेंट में भारतीय टीम न्यूयॉर्क में तीन मैच खेलेगी जिसमें 9 जून को होने वाला भारत बनाम पाकिस्तान का अहम मैच भी शामिल है।

आइज़नहावर पार्क प्रोजेक्ट द्वारा लिए गए प्रभावी प्रोजेक्ट में से एक था, जहां पर एक आम पार्क को स्टेडियम में बदलने की शुरुआत पांच महीने पहले जनवरी में हुई थी। एक अहम चुनौती यह थी कि फ्लोरिडा में कृत्रिम पिच तैयार की गई और इसके बाद इसको सड़क के रास्ते न्यूयॉर्क लाया गया। इसके बाद पिचों को मुख्य स्टेडियम और अभ्यास के एरिया में लगाया गया। 10 पिचों को मुख्य मैदान में जबकि छह पिचों को मैदान के पास में लगाया गया है।

# मनिका को पेरिस ओलंपिक का आत्मविश्वास के साथ इंतजार



2024 पेरिस ओलंपिक

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारतीय स्टार पैडलर मनिका बत्रा 2024 पेरिस ओलंपिक का बेहद आत्मविश्वास के साथ इंतजार कर रही हैं। उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर 24 रैंक हासिल की है और नंबर 1 भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी रैंक भी हासिल की है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सऊदी स्मैश में सफल प्रदर्शन किया था। मनिका ने सऊदी में वर्ल्ड नंबर 2 चीन की वांग मन्यु को हराकर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) एथलीट हिना यायाता

### ■ मनिका बत्रा ने पिछले सप्ताह सऊदी स्मैश में सफल प्रदर्शन किया था

से हारने के बाद क्वार्टर फ़ाइनल से आगे बढ़ने में असफल रही। उनके अपने शब्दों में, मनिका सऊदी में अपने प्रदर्शन से वास्तव में खुश हैं और अब अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के मिशन के साथ पेरिस पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं। मनिका ने साई मीडिया को बताया कि सउदी स्मैश में मैंने जिस तरह से प्रदर्शन किया और हर गेंद के लिए संघर्ष किया, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे वास्तव में मेरी लड़ाई की भावना और मेरी शांति और आत्मविश्वास पसंद आया। ओलंपिक को देखते हुए यह टूर्नामेंट वास्तव में मुझे प्रेरित करेगा। लेकिन मैं और अधिक करना चाहती हूं। मुझे गलतियों पर काम करना होगा और मैं खुद को कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी। मुझे अगले डेढ़ महीने के लिए कुछ गहन सत्र करने होंगे और पेरिस में, मैं सऊदी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हूं। पेरिस में आउटिंग मनिका की लगातार तीसरी ओलंपिक खेलों में भागीदारी होगी और उसकी अपनी प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपने देश के लिए पदक जीतने के लिए हर ओलंपिक में भाग लिया है।

सउदी स्मैश में मैंने जिस तरह से प्रदर्शन किया और हर गेंद के लिए संघर्ष किया, उससे मैं वास्तव में खुश हूं : मनिका

इस साल भी ऐसा ही होगा। मैं हर पल कड़ी मेहनत करूंगी । मैं इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और अफसोस के साथ वापस नहीं आना चाहती। मैं अपने लिए, अपने देश के लिए और मेरे लिए उत्साह बढ़ाने वाले लोगों के लिए अपना 100 प्रतिशत प्रयास करना चाहती हूं। अपने खेल के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, मनिका ने कहा कि मैं अपने कोच अमन बाल्गु के साथ हाल ही में अपने फोरहैंड पर बहुत काम कर रही हूं। मैं अपने खेल में नए पहलू लाने के बारे में नहीं सोच रही हूं, बल्कि मैं इसे मजबूत करने पर काम कर रही हूं। मैंने महसूस किया है कि अंतिम दौर तक पहुंचने के लिए शारीरिक रूप से फिट रहना और जबरदस्त सहनशक्ति होना बहुत जरूरी है। मानसिक थकान भी होती है। इसलिए, आपको दोनों पहलुओं में फिट रहना होगा। मैं दौड़ के दौरान और उससे पहले सांस लेने के व्यायाम करती हूं मैच और कोच अमन कोर्ट के साथ-साथ कोर्ट के बाहर भी मेरी मानसिक मदद कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### अंजुम, स्वप्निल ने ओलंपिक चयन ट्रायल में पहली जीत दर्ज की

**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मुद्गिल और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने चल रहे राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 में गुरुवार को यहां मप्र राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में क्रमश- महिला और पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओएसटी टी3 में जीत हासिल की। पुरुषों का 3पी फ़ाइनल निर्धारित समय पर पहला इवेंट था और स्वप्निल, जो बुधवार को 587 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे थे, 463.7 का स्कोर करके अखिल श्योरण से आगे निकल गए, जो 461.6 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। स्थानीय खिलाड़ी और क्वालिफिकेशन टॉपर ऐश्वर्य तोमर 451.9 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे और 45 शॉट के फाइनल में 44वें शॉट के बाद बाहर हो गए। इसके बाद महिलाओं के 3पी फाइनल में, अंजुम मुद्गिल ने 463.9 का स्कोर किया और भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्त कौर समरा को 1.9 अंक से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहीं।

### जुवे ने अटलांटा को हराकर 15वीं बार कोपा इटालिया खिताब जीता

**रोम।** जुवेंटस ने ट्रॉफी के बिना एक और सीजन खत्म करने से परहेज किया और शुरुआती मिनटों में दुसान व्लाहोविच के गोल की बदौलत फाइनल में अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब जीत लिया। जुवे ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीज़न में केवल एक बार खिताब जीता था। बियानकोनेरी ने खेल में सिर्फ चार मिनट में एक स्वप्निल शुरुआत की जब एंड्रिया कंबियासो की थ्रू-बॉल व्लाहोविच के पास पहुंची, जिसने चैलेंज को काबू करते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया। व्लाहोविच के पास 54वें मिनट में पेनल्टी अपील थी जब वह बॉक्स में गिर गया था, लेकिन रेफरी ने खेल जारी रखा, इससे पहले कि ऑफसाइड के कारण सर्बियाई खिलाड़ी का एक और गोल चूक गया।

### मिजोरम ने राजस्थान को 7-0 से पीटा

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** मिजोरम ने अपने अंतिम ग्रुप एफ मुकाबले में रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में राजस्थान पर 7-0 की शानदार जीत के साथ स्वामी विवेकानंद अंडर20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में आसानी से अपना रास्ता बना लिया। मिजोरम ने खेल शुरू किया क्योंकि उन्हें लालनगैहसामा के माध्यम से स्कोरिंग खोलने में केवल चार मिनट लगे, जिन्होंने गेंद को नेट में डाल दिया। शुरुआती गोल से राजस्थान टीम की रक्षापंक्ति लड़खड़ा गई और पहले 21 मिनट के भीतर ही उसने चार गोल खा लिए। मिजोरम के लिए लालरो थांगा मुख्य खिलाड़ी थे, जिन्होंने 11वें, 56वें और 64वें मिनट में गोल करके हैट्रिक हासिल की।